

गृह मंत्री 7 अप्रैल को 2 दिवसीय चुनाव प्रचार के लिए त्रिपुरा पहुंचेंगे

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति

RNI Regn. No.7789/1964



सीकर में शाह के रोड शो में उमड़ी भीड़

वर्ष-60 › अंक -91 रायपुर सोमवार 1 अप्रैल 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25


## मेरठ से मोदी का चुनावी शंखनाद :

# भ्रष्टाचारियों को लगाने पड़ रहे कोर्ट के चक्कर

**नईदिल्ली,एजेंसी।**

पीएम मोदी ने मेरठ में चुनावी रैली को संबोधित किया और मंच से विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी एलायंस मिलकर देश की एकता और अखंडता को तोड़ने में लगे हुए हैं और आज एक बार इनका नया कारनामा सामने आया है। पीएम ने कहा ÷मेरठ से मेरा विशेष रिश्ता है। मैंने 2014 और 2019 (लोकसभा) चुनावों के लिए अपना चुनाव अभियान मेरठ से ही शुरू किया था और अब, 2024 चुनावों के लिए पहली रैली भी मेरठ में आयोजित की जा रही है। 2024 लोकसभा चुनाव सरकार चुनने का चुनाव नहीं है, बल्कि 'विकसित भारत' बनाने का चुनाव है।

**मेरठ में पीएम मोदी ने कहा- पूरा देश कह रहा है-अबकी बार-400 पार** - ÷जब भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था तब हर जगह गरीबी थी। जब भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना, तब तक 25 करोड़ लोग गरीबी से उबर चुके थे। मैं गारंटी देता हूं कि एक बार ऐसा होने पर देश में एक मजबूत और सक्षम मध्यम वर्ग होगा।÷ भारत अब तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इसलिए पूरा देश कह रहा है '4 जून को 400 पार'

÷एनडीए सरकार के 10 साल का रिपोर्ट कार्ड सबके सामने है। पिछले 10 साल में कई ऐसे काम हुए जो असंभव माने जाते थे। लोग अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को असंभव मानते थे। हालांकि, अब मंदिर बन चुका है।÷ ...वन रैंक, वन पेंशन को लेकर भी कई वादे किए गए। हालांकि, हमने इसे लागू किया। इसके अलावा, हम अपनी मुस्लिम बहनों के लिए तीन तलाक कानून भी लाए।÷

**अभी तो आपने विकास का ट्रेलर देखा है**

यूपी के मेरठ में चुनावी रैली में पीएम मोदी ने कहा, कुछ लोग इसलिए परेशान हैं क्योंकि मैं भ्रष्टाचार के खिलाफकार्रवाई कर रहा हूं। आपने अभी तक विकास का ट्रेलर ही देखा है. हमें देश को बहुत आगे ले जाना है।



### देश भुगत रहा विपक्षी सरकारों की गलतियां

विपक्ष पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, पिछली सरकारों की गलतियों को आज देश भुगत रहा है। उन्होंने कहा, भारत के मछुवारे मछली पकड़ने के लिए समुद्र में जाते हैं तो इन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। उनकी बोट को कब्जा कर लिया जाता है, ये कांग्रेस के पाप का परिणाम है कि हमारे मछुआरे आज भी सजा भुगत रहे हैं। जब बोलने की बारी आती है तो डीएमके जैसे दल जो कांग्रेस के साथी हैं, ये भी मुंह भी ताला लगाकर बैठ जाते हैं। इंडी गठबंधन वाले न देश के जवानों का हित सोच सकते हैं न ही किसानों का हित सोच सकते हैं। न ही मछुआरों का। किसानों से नफ़रत करने वाले इंडी गठबंधन ने चौधरी चरण सिंह को भी सम्मान नहीं दिया।

## शिव शक्ति सार्वजनिक धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद संतोष



**लोकशक्ति। संवाददाता।**

सांसद संतोष ने लिखाः आज पंडित दीनदयाल कॉलोनी में देवांगन समाज एवं शिव शक्ति सार्वजनिक धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुआ। इस दौरान समाज व समिति के सदस्यों द्वारा किये जा रहे जनसेवा के कार्यों से अवगत हुआ और इन पुण्य कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त कर उत्साहवर्धन किया।

## विपक्षी गठबंधन की महारैली पर भाजपा ने साधा निशाना, मनोज तिवारी बोले- कांग्रेस नेता अंदर ही अंदर हंस रहे होंगे



**एजेंसी।** भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि भ्रष्टाचारियों का एक बड़ा गिरोह रामलीला मैदान में खड़ा होकर अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर रो रहा होगा। ये नजारा उसी जगह पर हो रहा होगा जहां कभी अरविंद केजरीवाल ने खड़े होकर इन सभी लोगों को भ्रष्टाचारी कहा था और इनकी गिरफ्तारी की मांग की थी। कांग्रेस और अन्य पार्टियों के वरिष्ठ नेता अंदर ही अंदर मुस्कुरा रहे होंगे। वहां खड़ा गैंग यही सोच रहा होगा अरविंद केजरीवाल के साथ जो कुछ भी हो रहा है वह बिल्कुल सही है।

# आडवाणी को दिया भारत रत्न, मोदी भी रहे मौजूद

**एजेंसी।** लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित होने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने मेरठ से अपने चुनाव प्रचार का शंखनाद किया। पीएम मोदी ने मेरठ में चुनावी रैली को संबोधित किया और मंच से विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी एलायंस मिलकर देश की एकता और अखंडता को तोड़ने में लगे हुए हैं और आज एक बार इनका नया कारनामा सामने आया है। पीएम ने कहा ÷मेरठ से मेरा विशेष रिश्ता है। मैंने 2014 और 2019 (लोकसभा) चुनावों के लिए अपना चुनाव अभियान मेरठ से ही शुरू किया था और अब, 2024 चुनावों के लिए पहली रैली भी मेरठ में आयोजित की जा रही है। 2024 लोकसभा चुनाव सरकार चुनने का चुनाव नहीं है,





बल्कि 'विकसित भारत' बनाने का चुनाव है। ÷जब भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था तब हर जगह गरीबी थी। जब भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना, तब तक 25 करोड़ लोग गरीबी से उबर चुके थे। मैं गारंटी देता हूं कि एक बार ऐसा होने पर देश में एक मजबूत और सक्षम मध्यम वर्ग होगा।÷ भारत अब तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इसलिए पूरा देश कह रहा है '4 जून को 400 पार'

÷एनडीए सरकार के 10 साल का रिपोर्ट कार्ड सबके सामने है। पिछले 10 साल में कई ऐसे काम हुए जो असंभव माने जाते थे। लोग अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को असंभव मानते थे। हालांकि, अब मंदिर बन चुका है।÷ ...वन रैंक, वन पेंशन को लेकर भी कई वादे किए गए। हालांकि, हमने इसे लागू किया। इसके अलावा, हम अपनी मुस्लिम बहनों के लिए तीन तलाक कानून भी लाए।÷

## दिल्ली सरकार की मुश्किलें नहीं हो रहीं कम, केजरीवाल के एक और मंत्री से ED की पूछताछ

**एजेंसी।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली की अब रद्द हो चुकी आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के एक मामले में दिल्ली सरकार के मंत्री कैलाश गहलोत को शनिवार को पूछताछ के लिए बुलाया है। नजफ गढ़ से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक गहलोत (49) मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री हैं। गहलोत को मामले में पूछताछ के लिए उपस्थित होने और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। वह फ्लिहाल श्रष्ठ के दफ्तर में मौजूद हैं और उनसे पूछताछ जारी है। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली



सरकार की आबकारी नीति को तैयार करने और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से जुड़ा है। दिल्ली सरकार की विवादित आबकारी नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। इस मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को ईडी ने पहले गिरफ्तार किया था और वे न्यायिक हिरासत में हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने धनशोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था और बृहस्पतिवार को एक अदालत ने ईडी की उनकी हिरासत एक अप्रैल तक बढ़ा दी।

## कांग्रेस को 1,745 करोड़ रुपये टैक्स का नया नोटिस, कुल आंकड़ा 3 हजार करोड़ के पार

**एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस पार्टी को एक के बाद एक झटके लगते जा रहे हैं। पीटीआई के सूत्रों के मुताबिक, अब आयकर विभाग ने कांग्रेस को एक बार फिर से नया नोटिस भेजा है। इस नोटिस के जरिए कांग्रेस से आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपये के कर की मांग की गई है। इस रकम को जोड़कर आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस से अब तक कुल कुल 3,567 करोड़ रुपये के कर की मांग की जा चुकी है। **3,567 करोड़ रुपये के कर की मांग** - लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला, जिसके जरिये आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपये के कर की मांग की गई है।

## चुनाव प्रचार के दौरान केंद्रीय मंत्री के काफिले पर हमला, 10 गाड़ियां तोड़ी, कई कार्यकर्ता घायल

**मुजफ्फरनगर** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान के काफिले पर रात हमला किया गया और गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। हमले में भाजपा के कई कार्यकर्ता घायल हो गए। मंत्री संजीव बालियान खतौली थाना क्षेत्र के गांव मढरीमपुर में चुनावी जनसभा के लिए प्रधानपति राकेश सिंह के आवास पर पहुंचे थे। मुजफ्फरनगर के भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने बताया कि गांव मढरीमपुर के प्रधानपति राकेश सिंह के आवास पर जनसभा चल रही थी। इसी दौरान बड़ी संख्या में अज्ञात लोग वहां पहुंच गए और नारेबाजी करने लगे। उनसे वहां से जाने को कहा गया, तो उन्होंने गाली-गलौज व मारपीट शुरू कर दी। साथ ही बाहर खड़ी काफिले की गाड़ियों



पर पथराव कर तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता नितिन सोम, छोटू सोम, अभिषेक और भीम सिंह चौहान घायल हो गए। उन्हें मेरठ हायर सेंटर में भर्ती कराया गया। वहीं मंत्री संजीव बालियान ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने काफिले पर पथराव किया। इससे काफिले में शामिल 8 से 10 गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं।

# सुनीता केजरीवाल की सक्रियता दर्शाती है कि वे लालू-राबड़ी से प्रेरित हैं :रविशंकर प्रसाद का तंज

**एजेंसी।**

भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने शुक्रवार को कहा कि ऐसा लगता है कि जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने सहयोगी लालू प्रसाद से प्रेरणा ली है जिन्होंने भ्रष्टाचार के मामले में फंसने के बाद सत्ता की बागडोर अपनी पत्नी को सौंप दी थी। भाजपा ने प्रसाद को लगातार दूसरी बार पटना साहिब लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। अपने गृह नगर के पहले दौरे पर पूर्व केंद्रीय मंत्री यहां पत्रकारों से बात कर रहे थे।

नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल के पहले 7 वर्षों में कानून और न्याय विभाग संभालने



वाले प्रसाद से ED द्वारा गिरफ्तार किए गए आम आदमी पार्टी प्रमुख के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''इन दिनों केजरीवाल की पत्नी काफ़ी सक्रिय नजर आ रही हैं। उन्हें उस कुर्सी पर देखा जा सकता है जिस पर उनके पति दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर बैठते थे।'' केजरीवाल की पत्नी सुनीता अपने पति के सत्ता में रहने के दौरान राजनीति से दूर रहीं लेकिन हाल के दिनों में उन्होंने कुछ वीडियो बयान जारी किए हैं।

**'हो सकता है केजरीवाल ने लालू से कुछ तरकीबें सीखी हों'** - प्रसाद ने I.N.D.I. अलायंस के साथ केजरीवाल के जुड़ाव का जिक्र किया जिसमें राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद भी शमिल हैं। लालू ने 1997 में चारा घोटाला मामले में आसन्न गिरफ्तारी का सामना करने पर अपनी पत्नी राबड़ी देवी को बिहार का मुख्यमंत्री बना दिया था। भाजपा नेता ने टिप्पणी की, ''हो सकता है कि एक सहयोगी के रूप में केजरीवाल ने लालू प्रसाद से कुछ तरकीबें सीखी हों। सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी के दावों के साथ उन्होंने अन्ना हजारे आंदोलन का नेतृत्व किया था।''

## सीकर में शाह के रोड शो में उमड़ी भीड़



**एजेंसी।** राजस्थान के दो दिवसीय दौरे पर आए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह राजस्थान में सीकर से लोकसभा चुनाव प्रचार की शुरुआत की। रविवार शाम 5:15 बजे कल्याण जी मंदिर से शाह ने रोड शो शुरू किया। उनके साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सीकर लोकसभा उम्मीदवार सुमेधानंद सरस्वती भी मौजूद रहे। रोड शो शहर के कल्याण जी के मंदिर से शुरू होकर घंटाघर, जाट बाजार होते हुए तापड़िया बगीची पहुंचा। इस दौरान बग्गी में भाजपा नेताओं की तस्वीरें भी नजर आई।इससे पहले राजस्थान की सभी 25 सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जयपुर में पार्टी पदाधिकारियों में जोश भरा। उन्होंने छह लोकसभा सीटों की क्लस्टर प्रबंधन और क्लस्टर कोर कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक ली।

# क्यों भारत के द्वीप पर है अब श्रीलंका का शासन?

**एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पार्टी पर बड़ा हमला किया है। पीएम ने कच्चाथीवू द्वीप का जिक्र किया है जिसे दशकों पहले भारत सरकार ने श्रीलंका सरकार को सौंप दिया था। कच्चाथीवू एक भारत और श्रीलंका के बीच में एक छोटा, निर्जन द्वीप है लेकिन मछुआरों के लिए इसका महत्व काफी ज्यादा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर भारत की एकता, अखंडता और हितों को कमजोर करने का आरोप लगाया है। आइए समझते हैं कि क्या है ये पूरा विवाद।

**क्या बोले पीएम मोदी?**

पीएम मोदी X पर ट्वीट करते हुए कहा कि नए तथ्यों से पता चलता है कि कैसे कांग्रेस ने बेरहमी से कच्चाथीवू को छोड़




दिया। इससे हर भारतीय नाराज है और लोगों के मन में यह बात बैठ गई है कि हम कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं कर सकते। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की एकता, अखंडता और हितों को कमजोर करना 75 वर्षों से कांग्रेस का काम करने का तरीका रहा है।

**क्या है कच्चाथीवू द्वीप विवाद?** - भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि मैं पूरे देश को याद दिलाना चाहूंगा कि यह 1975 तक कच्चाथीवू भारत का था और यह तमिलनाडु में भारतीय तट से सिर्फ 25 किमी दूर है। पहले भारतीय मछुआरे वहां जाते थे लेकिन इंदिरा गांधी के शासनकाल के दौरान तत्कालीन सरकार ने इसे श्रीलंका को सौंप दिया। उस समझौते में यह भी कहा गया था कि कोई भी भारतीय मछुआरा वहां नहीं जा सकता। इस वजह से कई मछुआरों को पकड़कर जेल में डाल दिया गया और अत्याचार सहना पड़ा। न तो डीएमके इस मुद्दे को उठाती है और न ही कांग्रेस यह मुद्दा उठाती है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए त्रिवेदी ने पूछा कि वह इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं और उन्हें लोगों को बताना चाहिए कि न केवल उनकी पार्टी बल्कि उनका परिवार भी इसके लिए जिम्मेदार है।

**अमित शाह ने भी किया हमला** - कच्चाथीवू विवाद पर गृह मंत्री अमित शाह ने भी कांग्रेस पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कच्चाथीवू को छोड़ दिया और इसके लिए उन्हें कोई अफ्सोस भी नहीं है। गृह मंत्री ने कहा कि कभी कांग्रेस का कोई सांसद देश को बांटने की बात करता है तो कभी भारतीय संस्कृति और परंपराओं को बदनाम करता है। इससे पता चलता है कि वे भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ हैं। वे केवल हमारे देश को बांटना या तोड़ना चाहते हैं।

## भाजपा की 8वी सूची में पूर्व राजदूत का भी नाम

**नई दिल्ली : एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव से पहले सभी दल अपनी-अपनी तैयारी में जुटे हुए हैं। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की 8वीं लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में कुल 11 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। इसमें ओडिशा, पंजाब और पश्चिम बंगाल के प्रत्याशियों के नाम हैं। वहीं पंजाब की गुरदासपुर सीट से सन्नी देयोल का टिकट कट गया है। सन्नी देयोल की जगह भाजपा ने दिनेश सिंह बब्बू को उम्मीदवार घोषित किया है। इसके अलावा अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरणजीत सिंह संधू को भी भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। बता दें कि तरणजीत सिंह संधू ने हाल ही में भाजपा की सदस्यता ली थी।



**ओडिशा और पश्चिम बंगाल के प्रत्याशी** - भारतीय जनता पार्टी के अन्य उम्मीदवारों की बात करें तो ओडिशा से फिलहाल तीन प्रत्याशियों के नाम घोषित किए गए हैं।

इसमें जाजपुर लोकसभा सीट से रविंद्र नारायण बेहरा को भाजपा ने टिकट दिया है। इनके अलावा कंधमाल लोकसभा सीट से सुकांत कुमार पाणिग्रही को जबकि कटक लोकसभा सीट से भर्तृहरि महताब को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं पश्चिम बंगाल से भी भाजपा ने दो सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया है। इसमें झारग्राम और बीरभूम लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम सामने आए हैं। झारग्राम लोकसभा सीट पर जहां भाजपा ने प्रणत टुडू को प्रत्याशी बनाया है तो वहीं बीरभूम लोकसभा सीट पर देबाशीष धर को टिकट मिला है।

# अब जमीन खरीदने के बाद रजिस्ट्री होगी महंगी

### आज समाप्त होगी सरकारी गाइडलाइन दरों में 30 प्रतिशत की छूट,



**रायपुर,** छत्तीसगढ़ में 2019 से जमीनों के कलेक्टर रेट में 30 प्रतिशत की छूट दी गई थी। सरकार हर साल आदेश निकाल कर इस छूट की सीमा एक साल बढ़ा देती थी। कल 31 मार्च इसका आखिरी डेट है। आवास पर्यावरण विभाग ने छूट बढ़ाने से साफ इंकार कर दिया है। आवास पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने एनपीजी न्यूज से स्पष्ट तौर पर कहा कि गाइडलाइन रेट में छूट अब नहीं बढ़ाई जाएगी। इससे किसानों को नुकसान हो रहा है।

सरकार ने छूट बढ़ाने का फैसला ऐसे समय में सार्वजनिक किया कि 31 मार्च में अब सिर्फ दो दिन बच गए हैं। 29 मार्च को देर शाम मंत्री ओपी चौधरी से एनपीजी न्यूज की बात हुई। उसके बाद छत्तीसगढ़ के नंबर वन न्यूज वेबसाइट एनपीजी न्यूज में यह खबर फ्लैश हुई। इसके बाद भूमाफियाओं और बड़े बिल्डरों में हड़कंप मच गया। रजिस्ट्री ऑफिस में मार्च की भीड़भाड़ को देखकर बड़ी संख्या में ऐसे रजिस्ट्रीयों को होल्ड करके रखा गया था कि अप्रैल में आराम से कराया जाएगा। मगर छूट समाप्त होने से अब जमीनों की रजिस्ट्री 43 प्रतिशत बढ़ जाएगी। याने बड़ी रजिस्ट्रियों में लाखों की चपत बैठेगी। जमीनों के गाइडलाइन रेट में छूट समाप्त होने से मनी लॉड्रिंग पर अंकुश लगेगा। इस समय गाइडलाइन रेट कम होने से दो नंबर का पैसा जमीनों में खपाया जा रहा है। खासकर, भूमाफिया इसका जमकर फायदा उठा रहे थे। दरअसल, बड़े बिल्डरों और भूमाफियाओं को कतई उम्मीद नहीं थी कि गाइडलाइन रेट में छूट नहीं बढ़ाई जाएगी। लोकसभा चुनाव को देखते सभी को लग रहा था कि कम-से-कम इलेक्शन के दौरान तो ऐसा नहीं होगा। उपर से आचार संहिता लगने के बाद कई लोग ये समझे कि अब तो इसमें कुछ नहीं होगा। मगर उन्हें ये नहीं मालूम था कि आचार संहिता से इसका कोई वास्ता नहीं। 31 मार्च तक इसका डेट था और सरकार अगर नहीं बढ़ाई तो अपने आप छूट का ये आदेश समाप्त हो जाएगा। और वही हुआ। जाहिर है, इससे छत्तीसगढ़ के भूमाफियाओं और बिल्डरों को झटका लगा है। सरकार द्वारा गाइडलाइन रेट में छूट की अवधि न बढ़ाने से जमीनों की रजिस्ट्री करीब 43 परसेंट महंगी हो जाएगी। इससे सरकारी खजाने में करीब एक हजार करोड़ अतिरिक्त राजस्व आएगा। वहीं, किसानों को भी इसका फायदा होगा। किसानों की जमीन अधिग्रहण में उन्हें बड़ा नुकसान हो रहा है। छत्तीसगढ़ में चारों तरफ सड़कें बनने से बड़े स्तर पर जमीनों का अधिर्ग्रहण चल रहा है। मगर गाइडलाइन कम होने से उन्हें रेट कम मिल रहा है। आवास पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने भी यही कहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को इससे फायदा होगा।

## इस्पात नगरी भिलाई में चौथी राष्ट्रीय योग खेल प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक

**दुर्ग,** ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने प्रेम निरंजन योग संस्था को भिलाई मे राष्ट्रीय योग खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए बधाई देते हुवे कहा कि हम सब अपने दिनचर्या में योग अपनाना चाहिए.



हमारी भारतीय संस्कृति, हमारी पुरानी जीवन शैली है जिसमे हम सुबह से लेकर रात तक जो भी काम करते थे. एक प्रकार से योग से जुड़ा हुआ होता था. चाहे खेत खलिहान जा रहे है झुक रहे है प्रणाम कर रहे है ये सारी शैली हमारी जीवन मे योग से जुड़ी हुई रहती थी. लेकिन वर्तमान में हमारी जीवनशैली बदल चुकी है. इसलिए योग को अपने दिनचर्या में शामिल करना बहुत जरूरी हो गए है. दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सभी लोगो अपील किया है कि रोजाना योग करे और निरोग रहे। इस अवसर पर संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ शशि कांत जैन के द्वारा विधायक ललित चंद्राकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## खास खबर....

### युवक पर हथौड़ी से हमला

रायपुर, 31 मार्च (आरएनएस)। हाईटेक पार्किंग डुमरतराई के पास एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर हथौड़ी से सीर पर मारकर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अलीम खान 28 वर्ष हाईटेक पार्किंग डुमरतराई का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी अर्पित शर्मा 24 वर्ष ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर प्रार्थी के सीर पर हथौड़ी से मारकर चोट पहुंचाया। जिससे प्रार्थी गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 307 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बकरा चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर, 31 मार्च (आरएनएस)। ग्राम नवागांव खार के पास दो युवकों ने एक महिला का बकरा चोरी कर बेच दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सुनीता यादव 30 वर्ष कृष्णा चौक खरोरा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया बकरी चराने का कार्य करती थी। बताया जाता है कि आरोपी प्रिंस यादव व पीलू ने प्रार्थिया के 1 नक बकरा को चोरी कर 10 हजार रुपए में बेच दिया और बकरी चरवाहा नरेन्द्र को जान से मारने की धमकी दिया। जिससे प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 381, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### रिसेप्शन पार्टी से जेवर पार

रायपुर, )। आमोर पार्क तेलीबांधा में आयोजित रिसेप्शन पार्टी से अज्ञात चोर ने 2 नग सोने का अंगुठी, 3 नग चांदी का पायल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उत्कर्ष मिश्रा 25 वर्ष कचना खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के यहां आमारे पार्क तेलीबांधा में शादी रिसेप्शन पार्टी चल रहा था। जहां अज्ञात चोर ने स्टेज पर मिले उपहार में से 2 सोने की अंगुठी और 3 चांदी का पायल पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 90 हजार रुपए के असपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# विकसित भारत के लिए जरूरी है मोदी सरकार : नितिन नबीन

### मतदान अपने-अपने बूथों में सर्वाधिक हो और भाजपा के पक्ष में भी हो ये हमारा प्रयास रहे : शिवरतन शर्मा



**महासमुन्द** भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने लोकसभा प्रबंधन समिति के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की 10 साल की कार्यकाल की उपलब्धियों से ही आज भारत देश सुशासन और विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा हुआ है। राष्ट्रसेवक मोदी ने अपने 10 वर्षो के बेदाग कार्यकाल में सुशासन और विकास की कल्पना को साकार करते हुए जनहित की योजनाओ को पूरा किया है और पूरे देश प्रदेश में विकास कार्यो का इतिहास रचा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता ने मोदी की दी हुई गारंटी पर विश्वास व्यक्त करते हुए भाजपा के समर्थन में जनादेश दिया है। नबीन महासमुंद लोकसभा प्रबंधन समिति के पदाधिकारी और सदस्यों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

भाजपा प्रभारी ने कार्यकर्ताओ का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती रूपकुमारी की विजय अभियान के सभी सारथी एक मंच पर उपस्थित है आप सभी के सामंजस्य और एकजुटता से हम चुनाव में ऐतहासिक विजय हासिल करेंगे ये आप सभी का उत्साह और मोदी की सुशासन वाली सरकार की गारंटी बता रही है। आगामी 3 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी के नामांकन के दौरान ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने का दिशानिर्देश देते हुए कहा कि देश की एकता अखंडता और अस्मिता के लिए मोदी से बेहतर विकल्प कोई नही है इस बात को देश की जनता जानती है। कार्यकर्ताओ को आगामी संगठनात्मक कार्यो की विस्तार से जानकारी भी प्रदेश प्रभारी के द्वारा दी गयी।

चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा कि चुनावो के माहौल में पक्ष-विपक्ष की भ्रामक और कई प्रकार की अफवाहें चुनावी माहौल को बिगाड़ने के लिए की जाती है हम सबको ऐसी अनर्गल टीका टिप्पणी से दूर रहकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति तक जुटे रहना है। सकारात्मक विचार और कार्य हमारी प्राथमिकता हो, मतदान अपने अपने बूथों में सर्वाधिक हो और भाजपा के पक्ष में भी हो ये हमारा प्रयास रहे। उन्होंने कहा कि पूरे देश का वातावरण मोदीमय और भाजपा के पक्ष में है बस आवश्यकता है कि हम सभी इस धर्मयुद्ध में पूर्णाहुति तक अपना लक्ष्य परिणाम को अपने पक्ष में आते तक बनाकर रखे रहे। बैठक का संचालन महासमुन्द प्रभारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा एवं आभार गरियाबंद जिलाध्यक्ष राजेश साहू ने किया।

### कार्ययोजना बनाकर अपने लक्ष्य के लिए समर्पित रहना होगा : अजय

क्लस्टर प्रभारी पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय चन्द्राकर ने कहा कि चुनावो की तिथि और प्रक्रिया निर्धारित होते ही राजनैतिक गतिविधियां बढ़ रही है। हम सभी का लक्ष्य और संकल्प है कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीट मोदी जीतकर देंगे। हम सबको स्वयं कार्ययोजना बनाकर समर्पित भाव से जिम्मेंदारी से अपने लक्ष्य के लिए समर्पित रहना होगा। परम वैभव की प्राप्ति के लिए केंद्र में मोदी की सरकार बनाना हमारी प्राथमिकता में है। बैठक में खेल युवा, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद चुन्नीलाल साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सरला कोसरिया, लोकसभा प्रभारी विधायक मोतीलाल साहू, सह प्रभारी विधायक भावना बोहरा, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, संपत अग्रवाल, रोहित साहू, सम्भाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, प्रदेश मंत्री रामू रोहरा, लोकसभा संयोजक शंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक लक्ष्मी वर्मा, किशोर महानन्द, संतोष उपाध्याय, इंदर चोपड़ा, परेश बागबाहरा, प्रीतम दीवान, गोवर्धन मांझी, त्रिलोचन पटेल, डमरूधर पुजारी, रंजना साहू, रामलाल चौहान, आइटी सेल प्रदेश पदाधिकारी दीपक म्हस्के, इंद्रजीत सिंह गोल्डी, संध्या परगनिहा, ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, अमरजीत छाबड़ा, एतराम साहू, अर्चना चौबे, अलका चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में लोकसभा प्रबंधन समिति के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

# रायपुर सेंट्रल जेल में सुरक्षा बढ़ाई गई




**रायपुर,** लोकसभा चुनाव के बीच प्रदेश में हुए घोटाले का शोर जारी है। ईडी की ओर से एसीबी में दर्ज एफआईआर के बाद एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम रायपुर सेंट्रल जेल पहुंची. जहां टीम कोयला और शराब समेत महादेव सट्टा ऐप मामले में बंद आरोपियों से पूछताछ करेगी. सभी आरोपियों से 7 सदस्यीय टीम करीब 10 घंटे से ज्यादा की पूछताछ करेगी. बता दें कि कोर्ट ने 29 मार्च से 2 अप्रैल तक पूछताछ की अनुमति दी है.

बताया जा रहा है कि,ष्ट्क ने जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ की मांग की थी. ईडी के प्रतिवेदन के आधार पर एसीबी ने कोयला स्कैम, महादेव सट्टा एप घोटाला और शराब घोटाला मामले में केस दर्ज किया था. ईडी की स्पेशल कोर्ट ने एसीबी की ओर से पेश किये गये आवेदनों के आधार पर जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ करने के लिए अनुमति दी है.

मामले में ईडी की स्पेशल कोर्ट में,ष्ट्क की ओर से तीन आवेदन पेश किए गए थे. एसीबी की टीम 29 मार्च से दो अप्रैल तक अलग-अलग दिनों में अलग-अलग केस में पूछताछ करेगी. टीम शराब घोटाला मामले में जेल में अरविंद सिंह, महादेव सट्टेबाजी मामले में असीम दास, भीम यादव और सतीश चंद्राकर और कोयला घोटाला मामले में समीर बिश्नोई, सूर्यकांत तिवारी, शिवशंकर नाग और नायर शामिल से पूछताछ कर रही है. इसके बाद टीम आगे की कार्रवाई करेगी. रायपुर सेंट्रल जेल की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है।




### ऑटोरिक्शा चालक जयंती के साथ माता रानी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मतदान के प्रति किया जागरूक...

**रायपुर,** । ऑटोरिक्शा चालक जयंती के साथ स्व सहायता समूह की महिला वर्षा, आशा, सुप्रिया, ज्योति ने मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान महिलाओं ने जगह-जगह रूक कर महिलाओं ने नारे लगाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया और कहां सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो महिलाएं सशक्त लोकतंत्र में पहचान, सशक्त नारी शत प्रतिशत मतदान का संदेश दे रही है।

# रायपुर में एक बार फिर बदलेगा मौसम, अंधड़ के साथ बारिश की संभावना

राजधानी रायपुर में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रायपुर में हल्?क बादल छाए हुए हैं। इससे लोगों को कड़ी धूप से राहत तो मिली है मगर गर्मी बरकरार है। हालांकि मौसम विभाग ने रविवार को राजधानी सहित प्रदेश में कुछ स्थानों पर अंधड़ के साथ बारिश की संभावना जताई है।

मौसम विभाग ने बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर छत्तीसगढ़ और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका अंदरुनी तमिलनाडु से उत्तर छत्तीसगढ़ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक है। वहीं सरगुजा इलाके में अधिक और रायपुर के ऊपर मध्?य बादल छाए हुए हैं, जो हल्?की से मध्?यम बारिश का कारण भी बन सकते हैं। इससे अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट की संभव है।

### हफ्तेभर से तेजी से बढ़ रहा तापमान

वहीं राजधानी सहित प्रदेश में हफ्तेभर से तापमान तेजी से बढ़ रहा था। मध्य छत्तीसगढ़ के दो जिलों रायपुर और राजनांदगांव में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया था। शनिवार को मौसम में बदलाव से तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। सर्वाधिक 41 डिग्री सेल्सियस तापमान राजनांदगांव में था। राजधानी रायपुर में अधिकतम तापमान आधा डिग्री गिरा है। शनिवार को यहां अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस था। नमी 51-34 प्रतिशत तक थी और हवा 4 प्रति किलोमीटर प्रतिघंटा थी। शाम 5.30 बजे तक यहां 60 फीसदी बादल छाए हुए थे।



# एचटीपीपी कर्मियों ने कबाड़ से बनाया विक्रम लैंडर व साइलो माडल

## सुंदर कलाकृति प्रतियोगिता में विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**कोरबा ।**

**संरक्षा विभाग हसदेव ताप विद्युत गृह** कोरबा पश्चिम (एचटीपीपी) के तत्वावधान में संयंत्र में मौजूद अपशिष्ट पदार्थों (स्क्रैप मटेरियल) को सुंदर कलाकृति का स्वरूप प्रदान कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर संयंत्र के अधिकारी- कर्मचारियों ने अपने रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन कर एक से बढ़कर एक सुंदर कलाकृति निर्मित की। इसमें चंद्रयान उपग्रह के साथ विक्रम लैंडर एवं प्रज्ञान रोवर, प्रगति चक्र, कैनन द प्राइड, स्वदेश निर्मित हल्के लड़ाकू विमान - तेजस के प्रोटोटाइप लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इसके साथ ही संयंत्र की 500 मेगावाट विस्तार इकाई में स्थित ऐश हैंडलिंग प्लांट के साइलो माडल, रिले टेस्ट बोर्ड, हाट एयर सर्कुलेशन लैंप, अलंकारी सामग्रियों, सुरक्षित कामगार, सुरक्षित पर्यावरण पर आधारित प्रदर्शनी के साथ ही बरगद के वृक्ष, सूरजमुखी के पौधे एवं बैल गाड़ी की प्रतिकृति द्वारा देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सुंदर एवं सजीव चित्रण किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायकों में सुधीर रेगे (सेवानिवृत्त, मुख्य अभियंता, सीएसईबी), नलिनी राव सिविल अभियंता, सस्टेनेबिलिटी प्रोजेक्ट, सिंगापुर, मधुलिका दबे प्रबंधक, पावर ग्रिड, बिलासपुर द्वारा चंद्रयान- तीन एवं स्टीम टर्बाइन माडल के लिए संयंत्र के टरबाइन मेंटेनेंस डिपार्टमेंट - एक एवं तीन को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, प्रगति चक्र, कैनन द प्राइड एवं सूरजमुखी की घूमती प्रतिकृति के लिए बायलर मेंटेनेंस डिपार्टमेंट-दो, इलेक्ट्रिकल एंड टेस्टिंग डिपार्टमेंट- एक एवं ऐश हैंडलिंग डिपार्टमेंट-एक को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा लाइट काम्बैट एयरक्राफ्ट- तेजस के लिए ऐश हैंडलिंग डिपार्टमेंट- दो को तृतीय स्थान प्रदान किया गया।



इसी अनुक्रम में बैल गाड़ी, बरगद वृक्ष, सेफ वर्कमेन, ई- पौधे, साइलो माडल एवं एनडीसीटी के लिए क्रमशः कोल हस्तांतरण शाखा आंतरिक-यांत्रिकी सुधार, बायलर मेंटेनेंस डिपार्टमेंट-एक, स्टोर, इलेक्ट्रिकल टेस्टिंग एंड इंस्ट्रूमेंटेशन-तीन, ऐश हैंडलिंग दो, टरबाइन मेंटेनेंस डिपार्टमेंट- तीन को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह कार्यपालक निदेशक उत्पादन संजय शर्मा एवं संकल्प महिला मंडल, एचटीपीपी की अध्यक्षा निहारिका शर्मा ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेताओं को सम्मानित किया। साथ ही अपशिष्ट पदार्थों के कुशल प्रबंधन एवं रिसाइक्लिंग द्वारा उनकी वजह से पर्यावरण पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों को न्यूनतम स्तर पर लाने का संदेश दिया गया।

इस प्रकार राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य में आयोजित कबाड़ से जुगाड़ (स्क्रैप टू स्कल्पचर) प्रतियोगिता का विधिवत समापन संयंत्र के प्रशासनिक भवन प्रांगण में संपन्न हुआ। इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीके स्वैन, भुवनेश्वर प्रसाद, पी भास्कर राव, सुधीर कुमार पंड्या, एमएस खान, एमके गुप्ता, आरके पांडे समेत संकल्प महिला मंडल की कार्यकारिणी ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम के आयोजकों का उत्साहवर्धन किया।

## संक्षिप्त न्यूज

### अग्रवाल सभा चुनाव के दावेदार आज दाखिल करेंगे नामांकन पत्र

**कोरबा ,** अग्रवाल सभा कोरबा के नए सत्र 2024-2026 के लिए नए पदाधिकारियों के चुनाव की प्रक्रिया 31 मार्च से शुरू होगी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष के एक-एक पद के लिए चुनाव कराया जाना है। चुनाव अधिकारी छेदीलाल अग्रवाल ने चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रविवार को दोपहर 12 बजे से नामांकन प्रपत्रों की बिक्री की जाएगी। दोपहर एक बजे तक नामांकन प्रपत्रों को जमा लिया जाएगा और दोपहर दो बजे तक नामांकन पत्रों का निरीक्षण व सूची का प्रकाशन किया जाएगा। शाम चार बजे नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। इस दौरान एक राय करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि चुनाव की स्थिति निर्मित न हो। यदि सहमति बनेगी तो प्रत्याशियों की सूची जारी करने की समय सीमा बढ़ाई जाएगी। सहमति नहीं बनने पर दो अप्रैल को सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक अग्रसेन भवन में मतदान किया जाएगा। इसके एक घंटा पश्चात मतगणना शुरू होगी, जो परिणाम आने तक जारी रहेगी। यहां बताना होगा कि कुल 915 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। अध्यक्ष पद के लिए अभी तक चार दावेदार सामने आए हैं, इनमें एसके अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल , शिव अग्रवाल एवं विनोद अग्रवाल चेंबर महामंत्री शामिल हैं। वहीं कोषाध्यक्ष के पद पर राकेश नागरमल अग्रवाल, सीए गोपाल अग्रवाल, रमन अग्रवाल बंटी श्रीराम वस्त्रालय तथा उपाध्यक्ष पद के लिए नरेन्द्र कुमार अग्रवाल शामिल हैं। हालांकि समाज के कुछ अन्य सदस्य भी नामांकन दाखिल कर सकते हैं। हालांकि नामांकन दाखिल व नाम वापसी के बाद ही दावेदारों की वास्तविक स्थिति सामने आएगी। यहां बताना होगा कि वर्तमान में श्रीकांत बुधिया अग्रवाल सभा के अध्यक्ष पद का दायित्व संभाल रहे हैं।




### द्वितीय चरण में नामांकन के दूसरे दिन कांकेर लोकसभा क्षेत्र में एक अभ्यर्थी ने जमा किया नाम-निर्देशन पत्र

**0 राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए 4 अप्रैल तक लिए जाएंगे नामांकन**

**0 प्रथम चरण अंतर्गत बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए कुल 11 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में**

रायपुर, लोकसभा निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण अंतर्गत छत्तीसगढ़ के तीन लोकसभा क्षेत्रों कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद में नामांकन की प्रक्रिया 28 मार्च से प्रारंभ हो गई है। कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए आंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के अभ्यर्थी के रूप में श्री सोनसिंह ने आज अपना नामनिर्देशनपत्र जमा किया। लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण अंतर्गत कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद में नामांकन दाखिले की प्रक्रिया 28 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है। अभ्यर्थी अपना नामांकन पत्र सार्वजनिक अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक जमा कर सकते हैं। द्वितीय चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 5 अप्रैल को की जाएगी। नामांकन वापसी की अंतिम तारीख 8 अप्रैल 2024 है। द्वितीय चरण के निर्वाचन अंतर्गत कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान होगा। लोकसभा निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण अंतर्गत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में कुल 11 अभ्यर्थी निर्वाचन के लिए मतदाताओं के बीच जाएंगे। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान तिथि 19 अप्रैल है।

### रायपुर युवक से मारपीट

**रायपुर,** । नकटी तालाब पार में पुरानी रंजिश के चलते चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रमन यादव 22 वर्ष ग्राम पलौदा मंदिरहसौद का रहने वाला है। बताया जाता है कि नकटी तालाब के पार आरोपी हरीश भारती, करण, शिवम व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# गरियाबंद पुलिस द्वारा चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



## पड़ोसी ही निकला चोर, हजारों के सोना-चांदी को चोरी कर छुपा कर रखा था विगत दो वर्षो तक

**गरियाबंद,** पुलिस कप्तान उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले के दिशा-निर्देशन,अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर एवं एसडीओपी बाजी लाल सिंह अनुविभाग मैनपुर के मार्ग दर्शन में थाना मैनपुर पुलिस द्वारा चोरी के आरोपी को 24 घण्टा के अन्दर गिरफ्तार कर आरोपी द्वारा चुराये गये सोना-चांदी के जेवर को बरामद कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। मामले का विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थिया ने थाना मैनपुर उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की 30 जून से 1 जुलाई 2022 के दरम्यानी दिन में अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर में रखे चांदी के जेवर एक जोडी चांदी के पहुची किमती 10000/रु, दो जोडी चांदी की बिछिया किमती 1000/रु एक नग चांदी की करधन किमती 5000/रु,एक जोडी चांदी के पैठी किमती 8000/रु सोने की 14 नग लॉकेट किमती 42000/रु, एवं नगदी रकम 16800/रु को घर कमरे में लोहे के संदूक में रखा था तथा मै दिनांक 30 जून 22 को अपनी मायके झरियाबाहरा गयी थी और मेरे पति काम पर गया था घर वापस आने पर अपने कमरे में रखे लोहे के संदूक में लगा ताला टूटा हुआ तथा संदूक में रखे सोना-चांदी का जेवर व नगदी रकम नही था।

जिसे आसपास पता तलाश किया पता नही चला तभी चोरी गये सोना-चांदी जेवर को उसकी पडोसी हलधर मरकाम की पत्नि भोज बाई के द्वारा पहने जाने देखने पर अपने जेवर जैसा प्रतीत होने पर प्रार्थिया द्वारा थाना मैनपुर रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 38/24 धारा 454,380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान प्रार्थीया एवं गवाहो का कथन लिया जाकर आरोपी हलधर मरकाम से घटना के संबंध व चोरी गये मशरूका के संबंध में पूछताछ कर धारा 27 साक्ष्य अधिनियम अंतर्गत मेमोरण्डम कथन लिया गया जिन्होने घटना दिनांक 30 जून 22 को प्रार्थिया के घर कमरे में घूस कर संदूक में रखे सोना-चांदी जेवर को चोरी करना अपराध घटित करना व प्रकरण में चोरी गये सोना-चांदी को आरोपी के कब्जे से चोरी गये मशरूका एक जोडी चांदी के पहुंची,दो जोडी चांदी की बिछिया,एक नग चांदी की करधन एक जोडी चांदी के पैठी,सोने की 14 नग लॉकेट कुल किमती 66000/रु को बरामद कर समक्ष गवाहन के जप्त किया जाकर आरोपी द्वारा अपराध घटित करने व जुर्म स्वीकार करने पाये जाने पर आरोपी हलधर मरकाम पिता स्व धनिराम उम्र 40 साल साकिन बेगरपाला थाना मैनपुर को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। उक्त कार्यवही में निरी. शिवशंकर हुर्रा, सउनि यदुराज ठाकुर, प्राआर.चूड़ामणि देवता,आर. भगवान नेता आर,कोमल धृतलहरे,आर यादराम पटेल, आर. मोती लाल,आर.राउमण साहूकार की भूमिका रही।





# कांग्रेस को कोरबा सीट से हार की चिंता सताने लगी : कौशिक

**कोरबा** भारतीय जनता पार्टी के विधायक और लोकसभा चुनाव के लिए कोरबा सीट के संयोजक धरमलाल कौशिक ने कहा है कि कांग्रेस को कोरबा सीट से हार की चिंता सताने लगी है, इसीलिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, सरोज पांडेय की उम्मीदवारी पर सवाल उठा रहे हैं। विधायक धरमलाल कौशिक ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत का नाम लिए बिना उन पर तगड़ा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र के किसी भी मतदाता से पूछ लीजिए सभी कह रहे हैं कि सरोज पांडेय जीत रही है और भाजपा का सांसद बनेगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षित सीट की बात करने वाले सरोज पांडेय के आने के बाद खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि 5 साल बाद जब आप मतदाता के पास वोट लेने जाते हैं तो उन्हें 5 साल का हिसाब भी देना पड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 साल के बाद मतदाताओं को हिसाब देते हैं। मतदाता भी पूछते हैं कि 5 साल में आपने क्या किया? संसद को भी बताना पड़ता है कि 5 साल में उसने क्षेत्र के लिए क्या किया। क्षेत्र में आपने ऐसा कौन सा काम किया है कि हम आपको वोट दें? जनता सवाल करेगी और जनप्रतिनिधि को जवाब देना पड़ेगा। आपको बता दें कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत के पति राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने 2 दिन पहले कहा था कि भाजपा ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र से टिकट देकर सरोज पांडेय के साथ न्याय नहीं किया है। उन्हें किसी सुरक्षित सीट से प्रत्याशी बनाया जाना था। भारतीय जनता पार्टी के बूथ विजय अभियान की शुरुआत करने के लिए कोरबा प्रवास पर पहुंचे भाजपा नेता ने कहा कि उन्होंने कोरबा लोकसभा सीट के सभी आठ विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया है और इसके बाद उन्हें सुखद अनुभूति हो रही है।

# धरम लाल कौशिक ने बूथ विजय अभियान का किया शुभारंभ, कार्यकर्ताओं के घर लगाया झंडा

**कोरबा,**

**भाजपा के वरिष्ठ नेता धरम लाल कौशिक पार्टी के बूथ विजय अभियान की शुरुआत करने एक दिवशीय प्रवास पर कोरबा पहुंचे. उन्होंने कोरबा जिले में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के घर में पार्टी का झंडा लगाया इसी के साथ बूथ विजय अभियान की शुरुआत हुई, ये अभियान संपूर्ण प्रदेश सहित देश भर में छाया जा रहा है।** कोरबा प्रवास के दौरान श्री कौशिक ने पत्रकारों से चर्चा करते बताया कि प्रदेश में भाजपा की विष्णु सरकार ने 100 दिन में ही महतारी वंदन योजना से लाखों महिलाओं के खाते में करोड़ों रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किया जिससे महिलाओं को आर्थिक संबल मिला. किसानों को अंतर की राशि एक एकड़ में 19 हजार के हिसाब से 13320 करोड़ रुपए सीधे उनके खाते में जमा किया गया, इसी तरह तेंदू पत्ता संग्राहकों को 55 सौ रूपये मानक बोरा के हिसाब से देने का निर्णय लिया गया है. भारतीय जनता पार्टी की सरकार के इस अभूतपुर निर्णय से निश्चित ही जानता को लाभ मिला है। हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र व राज्य दोनो जगह है इस बात को जनता भली भांति जानती है, इस बार प्रदेश की सभी 11 सीटें जीत रहे हैं फिर तीसरी बार भारी भरकम जीत के साथ पुनः केंद्र में भाजपा की सरकार बनने जा रही है. डबल इंजन की सरकार बनने से निश्चित ही देश और प्रदेश और भी ऊंची बुलंदियों को छूएगा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही ऐसी एक सरकार है जिसने धारा 370 को समाप्त कर दिया. राम मंदिर का भव्य निर्माण में विशेष निर्णय लिया। श्री कौशिक ने बताया कि 1 से 8 अप्रैल तक सभी विधानसभा विशेष सम्मेलन किया जाएगा. यहां के 8 विधानसभा में जाने पर देखा कि आम जनता में भारतीय जनता पार्टी के प्रति अटूट विश्वास है, मोदी की गारंटी से खुश आम जनता अब मोदी को जीत की गारंटी दे रही है.



# लोकसभा निर्वाचन-2024 : विकासखंड तमनार की ग्रामीण महिलाओं ने रैली निकाल मतदान के लिए किया प्रेरित

## एसडीएम श्री मोर ने किया मतदान केंद्रों की समीक्षा, दिए विशेष दिशा-निर्देश

## स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्रामीण अंचल में किया जा रहा विभिन्न मतदाता जागरुकता कार्यक्रम



रायगढ़ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिले भर में शत-प्रतिशत मतदान एवं मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विकासखंड तमनार में स्वीप कार्यक्रम के तहत आगामी 7 मई को होने वाले मतदान के लिए ग्राम देवगांव, गौरबहरी, बडग़ांव, केशरचुआं, कोडकेल जैसे विभिन्न गांवों की महिलाओं ने रैली निकाल कर फ्लेक्स एवं तख्तियो में अंकित नारों के माध्यम से मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान महिलाओं द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता शपथ भी लिया। आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही, जिन्होंने लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार के उपयोग के लिए संकल्प लिया। एसडीएम घरघोड़ा श्री रमेश मोर ने पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार, उप यंत्री, तकनीकी सहायक मनरेगा, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा की बैठक लेकर मतदान केंद्रों की समीक्षा करते हुए व्यवस्था के संबंध में विशेष दिशा-निर्देश दिए।

सीईओ जनपद तमनार श्री वीरेन्द्र सिह राय ने बताया कि जनपद पंचायत द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीणजन एवं महिलाओं के सहयोग से नियमित रूप से स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

संपादकीय

## मजबूत बैंकिंग जरूरी

तकरीबन एक दशक तक फंसे कर्ज यानी गैर निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) में इजाफा होने तथा जोखिम आंकने, खासकर कॉर्पोरेट ऋण के जोखिम के अंकन में शिथिलता के बाद अब देश का बैंकिंग क्षेत्र अच्छी स्थिति में नजर आ रहा है। उसका मुनाफा बढ़ रहा है और निवेशकों का विश्वास नए सिरे से बहाल हो रहा है।हाल ही में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री तथा इंडिया बैंक्स एसोसिएशन के एक सर्वेक्षण में इसकी पुष्टि हुई है। सर्वेक्षण में 23 बैंकों को शामिल किया गया था और उसने दिखाया कि बैंकिंग क्षेत्र कई मानकों पर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। इसमें परिसंपत्ति की गुणवत्ता तथा ऋण वृद्धि शामिल थी।सर्वे के निष्कर्षों में यह भी कहा गया कि बैंक अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) व्यवस्था को अपनाने को भी तैयार हैं और वे जलवायु अनुकूलन तथा उत्सर्जन में कमी की दिशा में भी कदम उठा रहे हैं। इसमें पर्यावरण के अनुकूल गतिविधियां अपनाने को आर्थिक मदद देने, कागज का इस्तेमाल कम करने तथा तटीय इलाकों में जैव ईंधन का इस्तेमाल रोकने जैसे कदम शामिल हैं।ये पर्यावरण, सामाजिक और संचालन (ईएसजी) पहलों का हिस्सा हैं। सर्वेक्षण में शामिल बैंकों में से 83 फीसदी ने कहा कि उनके ऋण मानक आसान हुए हैं या अपरिवर्तित रहे हैं। उन्होंने अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक वृद्धि का अनुमान दर्शाया, एनपीए में कमी आने की बात कही और कहा कि क्षेत्रवार जोखिम में कमी आने की उम्मीद है।




## ज्ञान से ही लोक, परलोक आलोकित ज्ञान की मीमांशा अनंत

**संजीव ठाकुर :** मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही,बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है। जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निर्देशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था,उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा हृदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि 'पाप से घृणा करो पापी से नहीं' फल स्वरुप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का हृदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था,उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका हृदय परिवर्तन कर दिया था। इसी तरह जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया तब उन्होंने स्वयं को सूली पर चढ़ाने वालों के लिए ईश्वर से यही प्रार्थना कि' ईश्वर इन्हें माफकर देना इनको नहीं पता कि यह क्या करने जा रहे हैं'। इस तरह उन्होंने मानवता के सामने अपने प्रेम को ज्ञान का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया हुआ अत्यंत दुर्लभ है आज संपूर्ण विश्व में प्रभु यीशु के अनुयायियों की संख्या सर्वाधिक है। भगवान श्रीराम ने प्रेम में वशीभूत होकर ही शबरी के जूठे बेर भी खा लिए थे, जबकि श्री राम सर्वाधिक ज्ञान में आदर्श मनुष्य थे। एक अच्छे और सार्थक जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान दोनों का संबंध एवं समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू हैं। अकेला ज्ञान तथा अकेला प्रेम सदैव सार्थक नहीं हो सकता है। रावण ज्ञानी पुरुष था किंतु विध्वंस कारी भी था उसने प्रेम के अभाव में सिर्फज्ञान के चलते अपने कुल को नष्ट करवा दिया था।

**यह निजी विचार है।**

# क्या कारण है कांग्रेस की मंद होती रोशनी के



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार





**देश की सबसे पुरानी एवं मजबूत कांग्रेस पार्टी बिखर चुकी है, पार्टी के कद्दावर, निष्ठाशील एवं मजबूत जमीनी नेता पार्टी छोड़कर अपनी सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी पार्टी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं, वह भी तब जब लोकसभा चुनाव सन्निकट है। कांग्रेस नेताओं का यह दलबदल आश्चर्य की बात हैं, पार्टी छोड़ने का जैसा सिलसिला चल रहा है, वह देश के इस सबसे पुराने दल की दयनीय दशा और स्याह भविष्य को ही रेखांकित करता है। हालांकि भाजपा और कुछ अन्य दलों के चंद नेता कांग्रेस की शरण में भी गए हैं, लेकिन इसकी तुलना में उसके नेताओं के पार्टी छोड़ने की संख्या कहीं अधिक है। प्रश्न है एक लोकतांत्रिक संगठन की यह दुर्दशा एवं रसातल में जाने की स्थितियां क्यों बनी? इसके कारणों की समीक्षा एवं आत्म-मंथन जरूरी है।**

कांग्रेस पार्टी लगातार न केवल हार रही है, बल्कि टूट एवं बिखर रही है, जनाधार कमजोर हो रहा है, इन बड़े कारणों के बावजूद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने न इसकी समीक्षा की, न विश्लेषण किया। कांग्रेस पर वंशवाद एवं पुत्रमोह का ठप्पा लगा हुआ है। पार्टी में आंतरिक प्रजातंत्र नहीं है। शीर्ष नेतृत्व निर्णय लेने में अक्षम है। बहुसंख्यकों के कल्याण की कोई नीति नहीं है। तुष्टीकरण नीति भी उसके लिए घातक साबित हो रही है। इन बड़े कारणों के बावजूद पार्टी में सन्नाटा पसरे होने के कारण ही अनेक जिम्मेदार एवं कर्णधार नेता ही पार्टी छोड़कर जा रहे हैं या चले गये हैं। आज का कांग्रेसी शीर्ष नेतृत्व साम्प्रदायिक, असामाजिक, स्वार्थी, चाटुकारी एवं देश-विरोधी तत्वों के साथ इस तरह ÷ताना-बाना÷ हो गया है कि उससे निकलना मुश्किल हो गया है। सांप-छछूंदर की स्थिति है। न निकलते बनता है और न उगलते। कांग्रेस नेतृत्व सत्ता प्राप्ति की खुशफहमी और खोने के खतरे की फोबिया से ग्रस्त है।

कांग्रेस के नेताओं के कांग्रेस छोड़ने से पार्टी नेतृत्व को हैरान-परेशान होना चाहिए, लेकिन शायद ही ऐसा हो, क्योंकि राहुल गांधी आम तौर पर ऐसे नेताओं को डरपोक या अवसरवादी करार देकर कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। वह और उनके करीबी यह देखने-समझने के लिए तैयार नहीं कि आखिर क्या कारण है कि एक के बाद एक नेता पार्टी छोड़ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत सिंह का भाजपा में जाना इसलिए कांग्रेस के लिए एक बड़ा आघात है, क्योंकि पंजाब उन राज्यों में है, जहां कांग्रेस अपेक्षाकृत मजबूत दिखती है और भाजपा तीसरे-चौथे नंबर के दल के तौर पर देखी जाती है। बात पंजाब ही नहीं, महाराष्ट्र, हिमाचल एवं अन्य प्रांतों की भी ऐसी ही है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि कांग्रेस छोड़ने वालों में कई ऐसे नेता भी हैं, जो गांधी परिवार के करीबी माने जाते थे, जैसे अशोक चव्हाण, मिलिंद देवड़ा, सुरेश पचौरी। इसके पहले राहुल गांधी की युवा ब्रिगेड के सदस्य कहे जाने वाले अधिकांश नेता भी कांग्रेस से विदा ले चुके हैं। कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं में एक बड़ी संख्या उनकी है, जो अपना स्वतंत्र राजनीति वर्चस्व एवं पहचान रखते हैं, वे अपने जनाधार के लिए जाने जाते हैं। गांधी परिवार के करीबी एवं चाटुकार नेताओं में बहुत कम ऐसे हैं, जो अपने बलबूते चुनाव जीतने की क्षमता रखते हों।

प्रश्न है कि कांग्रेस की यह दशा क्यों बनी? देश की विविधता, स्वरूप और संस्कृति को बांधे रखकर चलने वाले अतीत के कांग्रेसी नेता, जिनकी मूर्तियों और चित्रों के सामने हम अपना सिर झुकाते हैं, पुष्प अर्पित करते हैं- वे अज्ञानी नहीं थे। उन्होंने अपने खून-पसीने से ÷भारत-माँ÷ के चरण पखारे थे। आज उनकी राष्ट्रीय सोच एवं जनकल्याण की भावना को नकारा जा रहा है, उन्हें ÷अदूरदर्शी÷ कहा जा रहा है। कांग्रेस में धीरे-धीरे जमीनी धरातल पर कार्य करने वाले बड़ी सोच वाले कार्यकर्ता कम हो गए और नेताओं के चापलूस बढ़ गए। ये चापलूस ही आगे बढ़े और कांग्रेस की टूट का कारण बने हैं। वक्त यह सब कुछ देख रहा है और करारा थपड़ भी मार रहा है। कांग्रेस विश्वसनीय और नैतिक नहीं रही और सत्ता विश्वास एवं नैतिकता के बिना ठहरती नहीं। शेरनी के दूध के लिए सोने का पात्र चाहिए। कांग्रेस अपना राष्ट्रीय दायित्व एवं सांगठनिक जिम्मेदारी राजनीतिक कौशल एवं नैतिकतापूर्ण ढंग से नहीं निभा रही। अंधेरे को कोसने से बेहतर था कि कोई तो पार्टी में एक मोमबत्ती जलाता। रोशनी करने की ताकत निस्तेज होने का ही परिणाम है कि वक्त ने सीख दे दी। इसी का परिणाम है कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं की संख्या तेजी से बढ़ती चली जा रही है, उससे तो यह लगता है कि पार्टी छोड़ो जैसा कोई अभियान चल रहा है। राहुल गांधी भले ही यह दिखाएं कि कांग्रेस नेताओं के जाने से पार्टी की सेहत पर फर्क नहीं पड़ता, लेकिन सच तो यह है अब फर्क पड़ता दिख रहा है। आने वाले लोकसभा चुनाव के परिणाम इस फर्क को और अधिक स्पष्ट कर देंगे। कुछ नेता चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं और कुछ तो प्रत्याशी घोषित होने के बाद अपने कदम पीछे खींच चुके हैं। कांग्रेस भले ही यह दिखा रही हो कि वह भाजपा का मुकाबला करने मे समर्थ है, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं कि वह अपने नेतृत्व वाले मोर्चे इंडिया महागठबंधन को वैसा आकार नहीं दे सकी, जिसकी आशा की जा रही थी। इसके लिए कांग्रेस अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकती। कांग्रेस का क्षरण इसलिए शुभ संकेत नहीं, क्योंकि भाजपा के समक्ष वही सही मायने में एक राष्ट्रीय दल है। अन्य राष्ट्रीय दलों में कोई भी ऐसा नहीं, जिसकी जड़ें देश भर में हों। लोकतंत्र में एक मजबूत विपक्ष भी आवश्यक होता है, लेकिन सत्तापक्ष उसकी मजबूती की चिंता नहीं कर सकता।

कांग्रेस पार्टी में शीर्ष नेतृत्व कमजोर हो गया है। वंशवाद, परिवारवाद के कारण कांग्रेस पार्टी दिनोंदिन डूबती जा रही है। पहले कांग्रेस नेताओं के लिए लोककल्याण पहली प्राथमिकता होती थी, लेकिन आज मोदी-विरोध उसकी प्राथमिकता है। मोदी-विरोध के नाम पर वह कभी-कभी राष्ट्र-विरोध करने लगती है, उनकी इस प्राथमिकता में बदलाव आने से भी पार्टी कमजोर हुई हैं। कांग्रेस अपनी तुष्टीकरण की नीति की वजह से भी कमजोर हो रही है। अगर इसमें बदलाव नहीं करती है, तो उसकी हालत बद से बदतर हो जाएगी। इस बात का समझना होगा कि कोई भी दल बहुसंख्यकों को नाराज करके देश पर राज नहीं कर सकता। राहुल गांधी क्या बोलते है, क्या सोचते है, कोई स्पष्ट सन्देश ही नहीं मिल पाता। कांग्रेस में कोई निर्णय ऐसा लिया जाता है, जो निर्णय होता ही नहीं। लोग समझते ही नहीं कि क्या कहा गया है। इसी कारण कई नेता नेपथ्य में चले गये हैं पर आभास यही दिला रहे हैं कि हम मंच पर हैं। कई मंच पर खड़े हैं पर लगता है उन्हें कोई ÷प्रोम्प्ट÷ कर रहा है। बात किसी की है, कह कोई रहा है। इससे तो कठपुतली अच्छी जो अपनी तरफ से कुछ नहीं कहती। जो करवाता है, वही करती है। कठपुतली के अलावा कुछ और होने का वह दावा भी नहीं करती। किसी परिवार में तो यह चल सकता है लेकिन एक राष्ट्रीय दल को ऐसे नहीं चलाया जा सकता। लम्हों की खता सदियों को भुगतनी पड़ती है। शीर्ष नेतृत्व की गलत सोच, गलत निर्णय, गलत प्रेरणा न केवल पार्टी को बल्कि राष्ट्र के ताने-बाने को उधेड़ देते हैं, ऐसा ही कांग्रेस में हो रहा है। समूचे देश में कांग्रेस के अपरिपक्व राजनीति एवं कुप्रबंधन के उदाहरण भरे पड़े हैं। ऐसी सूरत में सवाल उठता है कि 2019 में 52 सीट पर सिमट गई कांग्रेस क्या 2024 में हाफसेंचुरी भी लगा पाएगी? ऐसा लगता है कि बीजेपी के 'कांग्रेस-मुक्त भारत' अभियान में कांग्रेस की नीतियां एवं नेतृत्व मोह सहयोगी बन रहे हैं।

**यह निजी विचार है।**

# शब्दों की महिमा अपरंपार, अक्षर तो नश्वर होते है

(गहन चिंतन के बाद ही कुछ बोलें)

**शब्दों की महिमा को अपरंपार और अक्षर को नश्वर बताया गया है । वैसे तो शब्दों की तीव्रता तलवार से ज्यादा नुकीली और भाले से ज्यादा चुभने वाली होती है। तलवार की धार से मनुष्य एक बार बच भी सकता है पर मुंह से बोले गए शब्द व्यक्ति को मृत्यु सा मूर्छित कर देते है। इसीलिए चिंतकों ने कहा है बोलने से पहले कई बार सोचें और बोलने के बाद सोचने वाला व्यक्ति समाज में मूर्खों की श्रेणी में गिना जाता है। राजनीति और कूटनीति में सारी जद्दोजहद शब्दावली और भाषणों की होती है कूटनीति में एक शब्द के कई अर्थ निकाले जाते हैं और उससे अपना हित अहित साधा जाता है। अकबर इलाहाबादी साहब कहते हैं,**

**खीचों न कमानों को, न तलवार निकालो,**
**जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो।**




मुंह से बोले गए शब्द और वाक्य बहुत सकारात्मक भी हो सकते हैं और बड़े ही भयंकर नकारात्मक भी हो सकते हैं। एक ही शब्द कहीं पर बड़े से बड़ा दंगा करवा सकते हैं और कहीं पर बोले गए प्यार के शब्द बड़े-बड़े विवादों में सुलह करा सकते हैं। शब्द की परिणति उसकी मुक्ति ही करती है। बड़े-बड़े राजनेता अभिनेता अपने मुंह से बोले गए शब्दों से लोकप्रियता के चरम पर पहुंच जाते हैं और कहीं किसी नेता के मुंह से निकला हुआ शब्द बाण समाज में विषाद और जहर भर देता है। शब्दों के जादूगर बड़ी-बड़ी आम सभाओं में सोच समझकर इस्तेमाल कर अपना सार्थक प्रभाव छोड़ते सत्ता परिवर्तन भी शब्दों के माया जाल से हि होता है। अंग्रेजी साहित्य में अरनेस्ट हेमिंग्वे को शब्दों का जादूगर माना जाता था उनके शब्दों का प्रभाव सीधे पाठकों के दिल तक पहुंच जाता था इसी तरह हिंदी में तुलसीदास विश्वव्यापी कवि है उनकी वाणी में सत्य और अमृत है। आधुनिक हिंदी साहित्य मेंअज्ञेय जी को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है उनकी शब्दावली कठिन होते हुए भी पढ़ने वालों के मर्म तक पहुंच जाती है। महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद हिंदी और देवनागरी लिपि को आत्मसात कर उपन्यास तथा कहानी और लिख कर अमृत्व को प्राप्त किया है।

देवकीनंदन खत्री जी ने भी उपन्यासों खाकर चंद्रकांता संतति, भूतनाथ पढ़ने के लिए हिंदी को सीखा और मनन किया और लोकप्रिय उपन्यास की उत्पत्ति की, कबीर अपने फक्कड़पन की भाषा के कारण उत्तर भारत के सभी दिलों में समाए हुए हैं। निसंदेह शब्द जीवंतता प्रदान करते हैं और जीवनशैली को बेहतर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं और द्रौपदी द्वारा कहे गए शब्द महाभारत की उत्पत्ति का कारण बनते हैं। इसलिए सदैव कहा जाता है की संभलकर बोलने से सद्गति प्राप्त होती है। इसीलिए तो संभल कर सही और उपयुक्त शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। जो सदैव अच्छा वक्ता होता है अपने विचारों को संभल कर बोलता है भले ही वह दिलों को ना छुए पर उसका जनमानस को जीतना तय होता है और संसार पर वही राज करता है जो अपने शब्दों का सही इस्तेमाल करता है, गलत शब्द से, गलत संभाषण से गलत विचारों से बोला गया वाक्य प्रलय भी ला सकता है। शब्दों को तौल कर विचार कर बोलना चाहिए अन्यथा उसके नतीजे भयानक भी हो सकते हैं। शब्दों की मार बहुत ही तेज और बहुत मीठी भी होती है एक शब्द महायुद्ध करवा सकता है और दूसरा शब्द ऐसी शीतल फुहाँरे छोड़ता है कि सारा युद्ध उन्माद अखंड शांति में बदल जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका रूस ,जापान, यूरोपीय देशों में दिए वहां के राष्ट्रपति व राजनेताओं द्वारा दिए गए भाषणों संभाषणों से युद्ध और कई बार शांति स्थापित हुई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री तथा उनके कैबिनेट के मंत्री अपने दिए गए वक्तव्य से ही सारी दुनिया से अलग अलग हो गए हैं। और भड़काऊ भाषण के कारण आज दुर्गति को प्राप्त हुए हैं। भारत शांति का दूत माना जाता है शांति स्थापना की सदैव मीठी वाणी बोलता आया है और यही कारण है कि भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति का पुजारी एवं दूत कहा जाता है एवं सदैव अंतर्राष्ट्रीय विवादों में उनके राजनेताओं को मध्यस्थता अथवा समझौते के लिए आमंत्रित किया जाता रहा है। यही कारण है कि रूस यूक्रेन के लंबे युद्ध में विश्व के पूरे देश एवं रूस तथा यूक्रेन के राजनेता भी भारत की ओर युद्ध की शांति की पहल की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यही कारण है की युवा पीढ़ी को सदैव कम बोलने, सदाचारी संभाषण देने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है भारत की सांस्कृतिक तथा साहित्यिक विरासत को सत साहित्य और संतुलित भाषा का मनुष्य तथा समाज के विकास के लिए पर्याय माना गया है। इसीलिए संतुलित भाषा मीठी भाषा बोलने से सदैव समाज तथा देश का वातावरण विकास के अनुकूल होता आया है।

**संजीव ठाकुर,**
**यह निजी विचार है।**

## खास खबर

### दिनदहाड़े घर के बाहर हंसिया और चाकू से युवक पर हमला

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के आजाद चौक थाना क्षेत्र में दो बदमाशों ने दिनदहाड़े घर के बाहर युवक पर हंसिया और चाकू से हमला कर दिया। युवक को गंभीर हालत में



अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने आरोपित मुकेश निषाद और शकीब पर मारपीट सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

घायल प्रकाश यादव निवासी रामसागरपारा पुरन दाल मिल गली ने पुलिस को बताया कि वह सेलटेक्स आफिस राजभवन के पास में भृत्य का काम करता है। शुक्रवार सुबह 10 बजे आफिस जाने के लिए घर से निकला। इसी दौरान मोहल्ले में ही रहने वाले मुकेश निषाद और शकीब आए और पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे। प्रकाश ने गाली-गलौच देने से मना किया तो दोनों जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्का से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपितों ने अपने पास रखे हंसिया से हमला किया। प्रकाश की गर्दन में लग गई। इसके बाद उसने हंसिया को छीन लिया। इसी बीच आरोपितों ने अपने पास रखे चाकू से वार कर दिया, जिससे बाह, पीठ और गले में चोटें आई।

### सड़क दुर्घटना में सीआरपीएफ के 11 जवान घायल

**कोंडागांव।** रतेंगा में सीआरपीएफजवानों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ये सभी जवान चुनावी ड्यूटी में कोंडागांव जा रहे थे। इस हादसे में 11 जवान और ड्राइवर घायल हुए हैं। ये सभी जवान 188 बटालियन के हैं। जवानों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहंडीगुड़ा भेजा गया है। सभी जवान पुस्पाल कैम्प से रवाना हुए थे। रतेंगा अंधा मोड़ पर एम्बुलेंस रोड से नीचे उतरने से पलट गई। हादसे में घायल 7 जवानों को डिमरापाल मेडिलकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। फ्लिहाल सभी खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

### सट्टा पट्टी लिखते एक गिरफ्तार

**राजनांगगांव।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के सख्त निर्देश पर जिले में अवैध शराब, सट्टा-जुआ के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किया जावे के पालन में अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में 29 मार्च को थाना छुरिया क्षेत्रातंर्गत मुखबीर की सूचना से चन्द्राकर क्लिनिक के सामने स्थित कॉपलेक्स के पास एक व्यक्ति सट्टा-पट्टी लिख रहा रहा है। सूचना के आधार पर थाना छुरिया पुलिस ने मौंके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए आरोपी संजय कुंभकार पिता स्व. मंगलु कुंभकार 31 साल निवासी वार्ड नंबर 12 अटल चौक छुरिया थाना छुरिया जिला राजनांदगांव को सट्टा-पट्टी लिखते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से नगदी रकम 680 रूपये, सट्टा-पट्टी एवं डॉट पेन बरामद कर आरोपी के विरूद्ध थाना छुंरिया में धारा 6 छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# स्टॉपडेम में धक्का देकर दादा ने ले ली अपनी पोती की जान

**जानिए दादा ने क्यों उठाया यह खौफनाक कदम, पुलिस की गिरफ्त में हत्या का आरोपी**

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में दादा ने अपनी पोती की स्टापडेम में धक्का देकर हत्या कर दी। पांच साल की मासूम बच्ची स्टापडेम के पास नहाने गई थी इस दौरान पीछे से दादा पहुंचा और इस खौफ्नाक घटना को अंजाम दिया। बच्ची के पिता की शिकायत पर पुलिस एक्शन में आई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दादा अपने बेटे द्वारा अन्य समाज की लड़की से शादी करने के कारण नाराज था और इस वजह से बेटे के बच्चों से भी नफ्रत करता था। मामला जशपुर जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र का है।

कुनकुरी थाने से मिली जानकारी के अनुसार कदमकछार निवासी सुरेश राम ने अलग समाज की लड़की से शादी की। शादी के बाद दोनों की दो बेटियां हुई। सुरेश राम के दूसरे समाज की लड़की से शादी किए जाने के कारण



उसका पिता रंथु राम नाराज रहता था और हमेशा लडाई-झगडा करता है। रंथुराम को अपने बेटे व बहू के साथ ही उनके बच्चों से भी नफरत थी। रोज-रोज के लड़ाई झगड़े से परेशा सुरेश अपनी पत्नी व बच्चों के साथ मुंबई चला गया और वहां रोजी मजदूरी कर अपने परिवार के साथ था।

#### बड़ी बेटी को स्कूल में दाखिल कराने पहुंचा था गांव

मुंबई में रहते सुरेश राम की बेटी पांच साल की हुई तो स्कूल में दाखिले के लिए कागजात बनवाने वह अपने गांव पहुंचा। 13 मार्च को वह अपने घर ग्राम कदमकछार आकर रुका। सुरेश राम के आने के बाद उसके पिता रंथू राम का पुराना व्यवहार फिर से शुरू हो गया। उसे अपने बेटे और उसके बच्चों को लेकर इतना गुस्सा था कि रोज विवाद करता और घर से चले जाने को कहता। 26 मार्च को रंथु राम ने अपने बेटे से मारपीट भी की जिससे उसकी आंख में चोट आई। 27 मार्च की रात को भी विवाद हुआ तो परेशान होकर अपने दोस्त के घर दुलदुली चला गया और अपने बच्चों को रंथुराम के घर पर ही छोड़ दिया।

#### स्टापडेम के पास दे दिया धक्का

इसके बाद दूसरे दिन 28 मार्च को सुरेश राम की बेटी सुबह करीब 8.00 बजे नहाने व ब्रश करने घर के पास में स्टाप डेम गई और वहां पानी के पास बैठकर खेल रही थी। इस दौरान रंथुराम पहुंचा और अपनी पोती को डेम के गहरे पानी में धक्का दे दिया। डेम के पानी में डूबने से बच्ची की मौत हो गई। वहीं इसकी जानकारी मिलने के बाद सुरेश राम व उसकी पत्नी घर पहुंचे और इसके बाद इसकी शिकायत थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी रंथु राम को गिरफ्तार का शुक्रवार को जेल भेज दिया।

इस पूरी कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर एएसपी अनिल सोनी व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कुनकुरी विनोद कुमार मण्डावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुनकुरी मल्लिका तिवारी, उप निरीक्षक खोमराज ठाकुर, प्रधान आरक्षक त्रिनाथ यादव, आरक्षक पूनम यादव, प्रमोद रौतिया, प्रवीन टोप्पो आदि का सराहनीय योगदान रहा। इस मामले को सुलझाने वाले सभी पुलिस कर्मियों को एसपी द्वारा नगद इनाम देने की घोषणा की गई है।

## सूने मकान से लाखों की चोरी छट्ठी कार्यक्रम में गया था परिवार

**दुर्ग।** कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मकान में लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। शिवपारा वार्ड 33 में रहने वाला एक परिवार छट्ठी समारोह में शामिल होने फिंगेश्वर गया हुआ था और इधर चोरों ने मौका देख सूने मकान मे सेंधमारी कर दी। चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर अलमारी से लाखों के सोने चांदी के जेवर व नगदी पर हाथ साफकिया। घर का ताला टूटने की जानकारी के मिलने के बाद मकान मालिक पहुंचा और उसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार शिव मंदिर के पास वार्ड नंबर 33 शिवपारा दुर्ग निवासी प्रवीण सेन के घर पर सेंधमारी हुई है। प्रवीण सेन की चंडी मंदिर के पास प्रवीण सेलून के नाम दुकान है। 27 मार्च की सुबह वह अपने परिवार के साथ बहन के घर छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम फिंगेश्वर जिला गरीयाबंद गया हुआ था। 29 मार्च को प्रवीण सेन कर भतीती प्राची सेन गाडी लेने उसके घर गई तो



देखा कि मकान के अंदर गेट का ताला टूटा हुआ है। जैसे ही यह पता चला तो प्रवीण सेन वापस अपने घर लौटा।

घर लौटने के बाद उसने देखा कि कमरे के अंदर समान बिखरा पडा था आलमारी का ताला एवं लॉकर टूटा हुआ मिला। अलमारी रखे पुरानी इस्तेमाली जेवर जिसमें सोने का हार, सोने की चैन, 1 सोने बिंदिया, 1 सोने का नथ 1 सोने की अंगूठी, सोने का झुमका, 3 सोने की इयरिंग, 3 जोडी सोने का बाली, 5 नग सोने की फुली एवं नथनी, 2नग सोने का लाकेट, 2 जोडी चांदी की पायल, एक चांदी की करधन, 7 जोडी चांदी का बिछिया, फिलिप्स का होमथिएटर, सीसीटीवी का डीबीआर व नगदी 10,000 गायब मिले। इस पूरे मामले में प्रवीण सेन की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# रायपुर कोर्ट परिसर से चकमा देकर कैदी हुआ फरार, दो आरक्षक सस्पेंड

**पुलिस की बड़ी लापरवाही**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस की फिर बड़ी लापरवाही सामने आई है। राजधानी रायपुर के कोर्ट परिसर में पुलिस की गिरफ्त से एक कैदी फरार हो गया। बताया जाता है कि पुलिस जब कैदी को कोर्ट के लॉकअप से कोर्ट रूम ले जा रही थी तभी कैदी ने पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। इस गंभीर मामले में रायपुर एसएसपी संतोष सिंह ने लापरवाही बरतने वाले दो आरक्षकों को सस्पेंड कर दिया है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।




बताया जाता है कि दो महीने पहले ही रायपुर पुलिस ने महाराष्ट्र के अहमदनगर के रहने वाले प्रदीप आदिनाथ को नशे के कारोबार के मामले में गिरफ्तार किया था। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया गया था। विचाराधीन कैदी आदिनाथ को रायपुर कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था। उस दौरान कोर्ट परिसर के लॉकअप में बंद किया गया था। ड्यूटी पर तैनात दो कांस्टेबल डागेश्वर गायकवाड़ और सतपाल साहू उसे पेशी के लिए कोर्ट रूम लेकर जा रहे थे। इसी दौरान शातिर बंदी ने दोनों पुलिस वालों चकमा देकर भाग निकला। पुलिस ने पहले उसकी खोजबीन की, जब पता नहीं चला तो घटना की सूचना थाने में दी। मामले में पुलिस ने फरार बंदी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# आधीरात घर में घुसे चार नकाबपोश, बुजुर्ग दंपति से मारपीट कर लूट लिए लाखों रुपए के गहने, जांच में जुटी पुलिस

**भिलाई।** दुर्ग जिले के धमधा थाना क्षेत्र में बुजुर्ग दंपति से लूट का मामला सामने आया है। घटना 28 व 29 मार्च की दरमियानी रात की बताई जा रही है। बुजुर्ग दंपति अपने घर पर सोए थे। आधीरात को चार नकाबपोश घर में घुसे और डंडे से मारपीट कर लाखों के गहने व नगदी लूटकर ले गए। इस मारपीट में बुजुर्ग दंपति को चोट भी आई। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने धारा 394, 457, 34 के तहत मामला दर्ज किया। फिलहाल लुटेरों की तलाश की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार धमधा थाना अंतर्गत ग्राम पेण्ड्री(गोबरा) में हाई स्कूल के सामने अपने 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला बैसाखिन साहू अपने पति गन्नू राम साहू के साथ प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत बने आवास में रहती है। रिटायर्ड दंपति पिछले 10 वर्षों से पेंशन



पर गुजारा कर रही है। दंपति के दो बेटे हैं जो उनकी ढाई एकड़ जमीन पर खेती करते हैं वे बस्ती में अलग मकान में रहते हैं।

घटना 28 मार्च की रात को बैसाखिन साहू अपने पति के साथ नए मकान में थी। खाना खाने के बाद दोनों सो गए। आधी रात को घर के बाहर हलचल हुई। चुंकि मकान नया बना है तो खिड़की में दरवाजा नहीं था बल्कि ईंटों से ढक दिया गया। इस बीच खिड़की की ईंटे हटाकर चार लोग घर के भीतर दाखिल हुए। इनमें से एक ने बुजुर्ग महिला का मुंह दबा दिया। बीच बचाव करने पति आया तो उसके भी एक युवक ने पकड़ लिया। घर में घुसे चारो चोर नकाब में थे और बांस के डंडे से मारपीट भी की।

मारपीट करते हुए एक ने बुजुर्ग महिला के गले से सोने की 5 नग पत्ती 1 तोला, नाक की सोने की फुल्ली 1 ग्राम, दोनों कान से सोने का खिनवा (टाप्स) 3-3 ग्राम, दोनों हाथ से चांदी की ऐंठी 20 तोला, कमर से चांदी का करधन 40 तोला ,पैर से चांदी का लच्छा 40 तोला व घर पर रखा 10000 रुपए नगदी भी ले भागे। मारपीट के कारण बुजुर्ग महिला के पति के सिर में चोट आई। चोरों के भागने के बाद महिला ने पड़ोसी को आवाज देकर बुलाया और 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों को अस्पताल ले जाया गया। महिला का प्राथमिक उपचर हुआ लेकिन उसके पति को दुर्ग जिला अस्पताल रेफ्र किया गया। इधर घटना की सूचना के बाद धमधा पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल की जांच पड़ताल की। पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफअपराध दर्ज कर लिया है। फिलहाल उनकी तलाश की जा रही है।

# अवैध शराब माफियाओं पर एक्शन, वाहन सहित दो गिरफ्तार

**आबकारी विभाग की कार्रवाई**

**जीपीएम।** अवैध तरीके से कच्ची शराब बनाने वाले व्यक्तियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग ने दो प्रकरणों में 56 लीटर कच्ची महुआ शराब और 585 किलोग्राम महुआ वाहन जब्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

पेंड्रा से सटे बंधी गांव में लगातार



कच्ची अवैध महुआ शराब बनाने और उसके बिक्री करने की शिकायत लगातार आबकारी विभाग के उप निरीक्षक दीपक सिंह ठाकुर को मिल रही थी। जिसके बाद आबकारी विभाग भी मौके की तलाश में था, तभी आबकारी विभाग को मुखबिरों से सूचना मिली कि पेंड्रा के बंधी गांव में रहने वाले रमेश साहू और सुजीत साहू बड़ी मात्रा में अवैध तरीके से देशी महुआ शराब बना रहे हैं।

जिसके बाद आबकारी विभाग की टीम उप निरीक्षक दीपक सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पेंड्रा थानाक्षेत्र के बंधी गांव में दबिश देते हुए रमेश साहू और सुजीत साहू के ठिकाने पर दबिश दी और वहां से भारी मात्रा में देशी कच्ची महुआ शराब और महुआ के वाहन को जब्त किया है। मामले में आबकारी विभाग दो प्रकरणों में 56 लीटर कच्ची देशी महुआ शराब को जब्त किया। जबकि 585 किलोग्राम महुआ का वाहन भी आबकारी विभाग के द्वारा जब्त किया है।

मामले में रमेश साहू, सुजीत साहू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने धारा -34(1) (क,ख,च), 34(2) , 59(क) के तहत मामला दर्ज किया है। छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रेलर के चपेट में आकर 6 मवेशियों की मौत

**कोरबा।** बिजली घरों से रोज कई लाख टन निकलने वाली राख के उत्सर्जन की प्रक्रिया में न केवल चुनौतियां हैं बल्कि कमाई भी है। प्रतिस्पर्धा के फेर में राखड़ ले जाने वाली गाडियां स्पीड पर नियंत्रण नहीं कर रही हैं। इसी चक्कर में 6 मवेशियों की मौत हो गई। जिले की मुख्य सड़क पर दौड़ने वाली भारी वाहनों के कारण आम जनता के साथ ही मूक पशुओं की जान भी खतरे में पड़ गई है। रोजाना हादसे हो रहे हैं और रोजाना किसी न किसी की मौत हो रही है। एक बार फ्रि से गोढ़ी राखड़ बांध के पास तेज रफ्तार भारी वाहन ने 6 मवेशियों को कुचल दिया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। कोरबा जिले में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। मुख्य मार्ग पर दौड़ने वाली भारी वाहनों की चपेट में आने से आए दिन किसी न किसी की मौत हो रही है। एक बार फ्रि से गोढ़ी राखड़ डेम के आगे मुख्य मार्ग पर अज्ञात भारी वाहन ने सडक पर मौजूद 6 मवेशियों को कुचल दिया ,जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मुख्य सडक के किनारे जहां तहां मवेशियों के शव पड़े हुए है। इस घटना को लेकर गौ-सेवकों में आक्रोश का माहौल देखा जा रहा है।

**पुलिस से बचने सिलेण्डर पर बैठ जाती, अपने ही बच्चे को नुकसान पहुंचाने की देती थी धमकी, अब फेल हुआ प्लान**

# ड्रग तस्कर और कथित लेडी डॉन पति के साथ गिरफ्तार

रायपुर। निजता अभियान के तहत कबीर नगर थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोप में कथित लेडी डॉन और उसके पति को एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया है। लेडी डॉन अपने आपको चोटिल करने के साथ बच्चे को छत से फेंकने की धमकी देते हुए पुलिस को उल्टा फंसाने की धमकी दे रही थी। बावजूद इसके पुलिस ने महिला और उसके पति को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।



पुलिस के मुताबिक, पुराने नारकोटिक्स के मामले में सोहेल खान, मुस्कान रात्रे तथा उसके पति प्रियेश उर्फ प्रिंस यदु की तलाश थी। पुलिस को मुस्कान तथा प्रियेश के कबीर नगर में होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस दोनों पति- पत्नी को गिरफ्तार करने उनके ठिकाने पहुंची। पुलिस को आता देख मुस्कान ने अपने पालतू कुत्ते को उनके पीछे छोड़ दिया। बावजूद इसके पुलिस मुस्कान तक पहुंचने की कोशिश कर रही थी। इस दौरान मुस्कान ने अपने आपको चोटिल कर अपने बच्चे को छत से फेंक देने की धमकी देते हुए पुलिस से बचने की कोशिश की। इस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लेडी डॉन को घेरकर उसके कब्जे से बच्चे को मुक्त कराया। फिर उसे पति के साथ गिरफ्तार किया।

#### पुलिस से बचने अपनाती थी कई हथकंडे...

पुलिस के अनुसार मुस्कान रात्रे पूर्व में गिरफ्तारी से बचने कई तरह के हथकंडे अपना चुकी है। इसके पूर्व मुस्कान को पुलिस गिरफ्तार करने गई थी, तब उसने गैस सिलेंडर में लगे पाइप का नॉब खोलकर आग लगाने के साथ अपने बच्चे को नुकसान पहुंचाने की धमकी दे चुकी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए इस बार पुलिस पूरी तैयारी के साथ मुस्कान तथा उसके पति को गिरफ्तार करने पहुंची।

#### कई थानों में दर्ज हैं अपराधिक प्रकरण

पुलिस के अनुसार मुस्कान के खिलाफ शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मारपीट, एनडीपीएस सहित कई अन्य मामलों में 17 से ज्यादा प्रकरण दर्ज है। मुस्कान के खिलाफ पड़ोसी जिलों में अपराध दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है। पुलिस के अनुसार मुस्कान तथा उसके पति की क्राइम हिस्ट्री को देखते हुए उन्हें पूर्व में मिली जमानत को रद्द करने कोर्ट में आवेदन लगाया जाएगा।

#### नाबालिगों से करवाती थी तस्करी

पुलिस के अनुसार मुस्कान रात्रे मादक पदार्थ बेचने अपने आपको लेडी डॉन कहलाना पसंद करती है। मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने मुस्कान नाबालिग लड़कों को रोजी में हायर करती थी। मुस्कान तथा उसका पति कम उम्र के लड़कों को गांजा के साथ अन्य तरह के प्रतिबंधित मादक पदार्थ खपाने का काम करती थी।

## रेलवे स्टेशन के दो स्टॉलों में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

रायपुर, राजधानी रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 पर स्थित दो स्टॉलों में बुधवार की देर रात अचानक भीषण आग लग गई। दोनों स्टॉल जलकर पूरी तरह से खाक हो गए। काफी मुश्किलों के बाद आग को नियंत्रित किया गया। आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। वहीं किसी तरह की कोई मानवीय हानि नहीं हुई है। आरपीएफपुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्लेटफार्म नंबर 7 पर स्थित देवभोग मिल्क पार्लर और एक चाय स्टॉल में देर रात आग लगी। आग लगने से दोनों स्टॉल पूरी तरह जलकर राख हो गए। आगजनी की घटना में लाखों का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### चाकू गोदकर युवक की हत्या वाले नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

रायपुर, । राजधानी में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच भठागांव क्षेत्र में एक युवक की चाकू गोदकर हत्या करने को मामले में पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि सोमवार को पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के सोनकर बाड़ी भाठागांव में एक युवक की लाश पड़ी मिली। मृतक की पहचान भाठागाव बीएयूपी कॉलोनी निवासी मोहित सोनकर के रूप में हुई। जिसकी सूचना क्षेत्र के लोगों ने पुरानी बस्ती पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया तथा मामले की जांच में जुट गई थी।

# भाजपा के सांसद नही आते नजर : शिव डहरिया पामगढ़ क्षेत्र के गांवों में किए जनसंपर्क

**जांजगीर चांपा /** चार बार से इस लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के सांसद चुनकर आते हैं , जो चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र की गांवों में दिखते नही और न ही विकास की कोई काम करते हैं । उक्त उद्गार गत दिवस कांग्रेस प्रत्याशी डा . शिवकुमार डहरिया ने पामगढ़ क्षेत्र की गांवों में जनसंपर्क के दौरान व्यक्त किए । आगे उन्होने कहा कि इस बार कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में मुझे अवसर देंगे तो मैं निरंतर क्षेत्र विकास के लिए आप लोगों के साथ मिलकर काम करूंगा । ज्ञात हो कि जांजगीर लोकसभा के कांग्रेस उम्मीदवार डॉ शिव कुमार डहरिया का सतत जन आशीर्वाद संपर्क अभियान जारी है, जांजगीर लोकसभा के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में डहरिया के प्रति जबरदस्त उत्साह और समर्थन देखने को मिल रहा है। इस कड़ी में पामगढ़ विधानसभा अंतर्गत भैसो,सेमरिया,जेवरा, कोसीर में आम जन का डहरिया के प्रति काफी लगाव देखा गया। दौरा के अंतिम कार्यक्रम तहत तीन दिवसीय सतनाम मेला ससहा धाम पहुंचकर बाबा गुरु घासीदास जी के जय स्तंभ पर पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया,एवम झंडारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर क्षेत्र के हजारों लोगो की भारी भीड़ एकत्रित रहे ।

इस अवसर पर विधायक अकलतरा राघवेंद्र सिंह , पूर्व विधायक पदमा घनश्याम मनहर ,रवि भारद्वाज, ,रामकुमार पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह , ब्लॉक अध्यक्ष नवल सिंह, हरप्रसाद साहु , द्वारिका यादव , जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा राजू शर्मा ,घासी राम चौहान, कल्याण बर्मन , घनश्याम साहु , मुन्ना यादव , ओंकार रायसागर , आकाश यादव , ब्लाक युवक कांग्रेस अध्यक्ष सिंह ,ऊदल कश्यप सहित हजारों कार्यकर्ता क्षेत्रवासी शामिल रहे।

दोनों मिलकर करेंगे क्षेत्र विकास= शेषराज इस दौरान सभा संबोधन में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश ने कहा कि जिस तरह आप सभी ने मुझ पर भरोसा कर विधायक चुना है , उसी भरोसे पर भैया शिव डहरिया को सांसद बनाए तब हम दोनो मिलकर क्षेत्र की विकास करेंगे ।

सेवादल टीम रहे मौजूद = गांवों की जनसंपर्क अभियान में जिला कांग्रेस सेवादल की टीम साथ रहे और जोशीले नारों के साथ चलते रहे जिसमें जिलाध्यक्ष देवकुमार पांडेय , महासचिव सत्यप्रकाश सिंह मुन्ना , दिनेश सिंहानी , जांजगीर ग्रामीण अध्यक्ष अशोक यादव ,शहर अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता , जिला सचिव होरीलाल कश्यप , धनीराम विश्वकर्मा शामिल थे



# मनका दाई मंदिर चोरी का हुआ खुलासा : उड़ीसा से पकड़े गए चार चोर

## दो हुए फरार आरोपियों को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ने में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**जांजगीर चांपा/**

मनका दाई मंदिर खोखरा में हुई चोरी का खुलासा हो गया है , जिसमें पुलिस ने चार चोर को उड़ीसा से पकड़ लिया है जबकि फरार दो की तलाश जारी है । उक्ताशय का खुलासा आज प्रेस वार्ता आयोजित कर किया गया , जिसमें बताया गया कि प्रार्थी हनुमान राठौर निवासी ग्राम खोखरा थाना जांजगीर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक 15. 16 मार्च के दरम्यानी रात्रि में अज्ञात चोर के द्वारा मां मनका दाई मंदिर के परिसर से दान पेटी के अंदर रखा नगदी रकम लगभग 1 लाख रूपया एंव चांदी का लोटा एंव डालडा कर करधन को चोरी कर ले गये है । उक्त रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध कमांक 239/2024 धारा 457,380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था।

मंदिर की हुयी दान पेटी चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए श्री विवेक शुक्ला (भा.पु. से.) पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा के निर्देशन में एवं श्री राजेन्द्र कुमार जायसवाल अति. पुलिस अधीक्षक जांजगीर चाम्पा के मार्ग दर्शन में आरोपियों की पतासाजी हेतु सायबर टीम/थाना जांजगीर स्तर से टीम गठित किया गया, जिसके द्वारा लगातार अज्ञात आरोपियों एवं चोरी गयें मशरूका की पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान विवेचना तकनीकी



जानकारी के आधार पर संदेहियों को बरगढ़ (उड़ीसा) में होने की जानकारी प्राप्त हुई और प्रकरण में चोरी गई माल मशरुका बरामदगी एंव संदेहियों के पतासाजी हेतु बरगढ़ (उड़ीसा) मय गवाहन के रवाना होकर संदेहियों मेघु बिसर निवासी बोंदा थाना बरहागुडा जिला बरगढ़ (उड़ीसा) , शिव लाल बेहरा निवासी ग्राम सिगिड़?डी थाना बरपाली जिला बरगढ़ (उड़ीसा) , मनोरंजन सेठ निवासी ग्राम कनवर थाना बरपाली जिला बरगढ़ (उड़ीसा) , कीर्ती पंचभया निवासी ग्राम तुरा वार्ड क्रमांक 07 घसिया पारा थाना बरगढ़ टाउन जिला बरगढ़ (उड़ीसा) से पृथक पृथक पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन दर्ज किया गया तब आरोपियो के द्वारा उक्त घटना कारित करना अपना अपना जुर्म स्वीकार कर लिया गया । घटना में प्रयुक्त दो नग मोटर सायकल, 4 पीस काले रंग का नाकाब तथा नगदी रकम 50,700/रु को बरामद कर हिरासत में लेकर थाना जांजगीर लाकर आरोपियों के विरुध्द प्रर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से आरोपियों को विधिवित गिरफ्तार कर आज 29 मार्च को न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है। प्रकरण के दो अन्य आरोपीगण फरार है जिसकी पतासाजी जारी है मिलने पर शीघ्र गिरफ्तारी कार्यवाही की जावेगी। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर, साइबर सेल प्रभारी उप. निरीक्षक पारस पटेल, सउनि राम प्रसाद बघेल, प्रधान आर. मनोज तिग्गा, विवेक सिंह आर. गिरीश कश्यप सायबर सेल एवम थाना जांजगीर से प्रधान आरक्षक राकेश तिवारी, राज कुमार चन्द्रा, आर. विरेन्द्र भैना शामिल रहे ।





शिव डहरिया पामगढ़ क्षेत्र के गांवों में किए जनसंपर्क

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष बनी ममता अग्रवाल.........

**जांजगीर चांपा** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति (2024- 2026) का चुनाव 29 मार्च को किया गया ,जिसमें पूर्व अध्यक्ष बबीता अग्रवाल ने सक्रिय महिला सहयोगी ममता अग्रवाल (योगेश जी.जी.)को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया द्य इसके साथ ही सुधा अग्रवाल सचिव एवं किरण गट्टानी को कोषाअध्यक्ष बनाया गया द्य मारवाड़ी महिला समिति के चुनाव में सभी सदस्य मौजूद थे। बैठक में शामिल महिलाओं ने एकमत से सबकी सहमति से चुनाव संपन्न कराया द्य मारवाड़ी महिला समिति ने मनोनीत अध्यक्ष सचिव एवं सभी को बधाई देते हुए होली की भी शुभकामनाएं दिए एवं होली मिलन मनाया।






## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पामगढ़/ शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य को पूरा करने के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में पामगढ़ विधानसभा मुख्यालय में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए साइकिल रैली एवं स्कूटी रैली का आयोजन किया गया रैली को बहीदुर्रहमान शाह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान किये ।इस रैली में शिक्षा विभाग से छात्र-छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं स्काउट गाइड व्यायाम निर्देशक, राजस्व विभाग से कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी पटवारी गण, पंचायत विभाग से सीईओ ए डि यो एसडीओ पंचायत सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य विभाग के कर्मचारी -अधिकारी भारी संख्या में उपस्थित थे । यह रैली बहोरिक चौक से प्रारंभ होकर डी ए व्ही स्कूल कुटरा बोर तक आयोजित हुई ,तत्पश्चात डी ए व्ही स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ । शपथ एसडीएम वहीदुर्रहमान शाह द्वारा कराया गया ।रैली के आयोजन में मणि शंकर कौशिक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पामगढ़ पुष्पेंद्र कुमार राज नायब तहसीलदार पामगढ़ मनोहर लाल सिंह थाना प्रभारी मोहनलाल कौशिक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी,एनिमा मिश्रा परियोजना अधिकारी डी एल सोनवानी एसडीओ ,गोस्वामी ए डि यो ,राजेश गांधी, संजय पटेल गजेंद्र चौहान ,दिनेश रात्रि, चंद्र मोहन तिवारी ,महेंद्र साहू, श्रीमती सुमन लता यादव ,हेमंत यादव, विनोद भारती, अशोक ठाकुर, सोमनाथ भारद्वाज ,जितेंद्र भारद्वाज, रामलाल कश्यप ,विजय साहू आदि कर्मचारी अधिकारी सहयोग प्रदान किए।



मनका दाई मंदिर चोरी का हुआ खुलासा: उड़ीसा से पकड़े गए चार चोर

# लायंस क्लब व आरकेएच का संयुक्त चिकित्सा परामर्श शिविर 4 को

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा एवं रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में आगामी गुरूवार 4 अप्रैल को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक लांयस स्कूल चांपा में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन तथा सचिव लायन संतोष कुमार सोनी ने बताया कि उक्त शिविर में हृदय रोग एवं पेट रोग से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध रहकर आने वाले रोगियों की समस्याओं का समाधान करेंगे। शिविर का लाभ उठाने के लिए अग्रिम पंजीयन के लिए अमित लहरे के मोबाईल क्रं. 8718981665 पर संपर्क किया जा सकता है।

# कांग्रेस का बैंक खाता फ्रीज कर भाजपा सरकार ने किया लोकतंत्र को फ्रीज

## जिला कांग्रेस ने निकाला मषाल रैली

**जांजगीर-चाम्पा ।** आयकर विभाग द्वारा लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के बैंक खातों को सील किये जाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा नियुक्त प्रभारी विवेक सिसोदिया के संयोजकत्व में केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्षन करते हुये नगर के नेताजी चैक से संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर प्रतिमा स्थल तक मषाल रैली निकाली गई। सैकड़ों की तादाद में उपस्थित कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा केन्द्र की मोदी नेतृत्व वाली सरकार के तानाषाहपूर्ण रवैये के खिलाफजमकर नारेबाजी करते हुये बैंक खातों को सील किये जाने को लोकतंत्र की हत्या बताया। कांग्रेसियों ने केन्द्र सरकार की निंदा करते हुये कहा कि जब से माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा गुप्त चुनावी चंदा को असंवैधानिक घोशित किये जाने से तिलमिलाई केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा देष की सबसे प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के सभी बैंक खातों को फ्रीज कर लोकसभा चुनाव में भाग लेने से रोकने की कोषिष की जा रही है। कांग्रेसजनों ने चुनाव आयोग और सुप्रिम कोर्ट जैसे चुनाव को देखते हुये पार्टी के बैंक खातों के संचालन में लगे पाबंद हटाने के लिये दखल देने का




अनुरोध किया है। कार्यक्रम के प्रभारी व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विवेक सिसोदिया ने प्रधानमंत्री मोदी पर कांग्रेस को वित्तीय रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास करने का आरोप लगाते हुये कहा कि चुनाव में समान अवसर (लेबल प्लेईंग फील्ड) नहीं रह गया है। कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज कर देष के लोकतंत्र को फ्रीज कर दिया गया है और मुख्य विपक्षी दल के चुनाव लड़ने के रास्ते में डाली जा रही बाधाओं से साफहै कि भारत के दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने का दावा झूठ है। इंका नेता दिनेष षर्मा ने कहा कि भारत के 20 प्रतिषत लोग कांग्रेस को वोट देते हैं पर किसी भी चीज के लिये रूपये खर्च करने में सक्षम नहीं है चुनाव में हमें कमजोर करने के लिये प्रधानमंत्री मोदी के इषारे पर यह साजिष रची गई है और कांग्रेस के बैंक खातें फ्रीज करने का मतलब लोकतंत्र को फ्रीज करना है। इंका नेता गुलजार सिंह, देवेष सिंह, रमेष पैगवार, उपाध्यक्ष रफीक सिद्धिकी ने कहा कि चुनावी बांड ने एक तरफ भाजपा को भारी फायदा पहुंचाया है और दूसरी ओर प्रमुख विपक्षी दल की वित्तीय क्षमता पर प्रधानमंत्री मोदी की ओर से सुनियोजित हमला किया जा रहा है जो अभूतपूर्व है। इन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी कांग्रेस अपने चुनाव अभियान को प्रभावी रखने का अपना भरपूर प्रयास कर रही है। इस दौरान प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल, इंका नेता कमलेष सिंह बाबा, सभापति रामविलास राठौर, महामंत्री षिषिर द्विवेदी, अजा विभाग जिलाध्यक्ष हरदेव टण्डन, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस षर्मा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा षर्मा, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष लोकेष राठौर, जिला संगठक सेवादल देवकुमार पाण्डेय, विधानसभा एनएसयूआई अध्यक्ष आकाष तिवारी, हीरा उपाध्याय, राघवेन्द्र ब्यास, दिनेष महंत, कमल किषोर साव, भोलू यादव, अधिवक्ता महारथी बघेल, राजा सिद्धिकी, दुश्यंत यादव, चुन्नु थवाईत, अनिल राठौर, परमेष्वर निर्मले, महेष्वर लदेर, इंका नेत्रीगण श्रीमती हेमलता राठौर, मुस्कान परवीन, मनोरमा, निषा राठौर, पार्शदगण संतोश गढ़ेवाल बोबाई, विश्णु यादव, प्रीतम कष्यप, रामकुमार यादव, अनिल चैरसिया, महेन्द्र कष्यप, रामखिलावन राठौर, राजा बाबू, संस्कार राठौर, नरसिम्हा यादव, जितेन्द्र दिनकर, षक्ति गढ़ेवाल, विक्रम कार्के, हर्श षुक्ला, अमन तिवारी सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित होकर पलटी 40 लोगों से भरी पिकटप,दो की मौत 15 गंभीर

**बिलासपुर,** (आरएनएस)। जिले के कोटा थानाक्षेत्र में चौथिया के लिए जा रहे 40 लोगों से भरी पिकअप ग्राम सोनपुरी में अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक महिला और एक बुजुर्ग की मौत हो गई। वहीं 38 लोग घायल हैं, जिनमें से 15 लोगों की हालत गंभीर है।

मिली जानकारी के अनुसारस कोटा थाना क्षेत्र के बेलगहना चौकी के ग्राम सोनपुरी में रहने वाले रामायण भानू की बेटी की शादी 2 दिन पहले मटियाडांड में रहने वाले युवक से हुई है। शनिवार को परिवार के लोग चौथिया के लिए पिकअप में सवार होकर बेटी के ससुराल मटियाडांड जा रहे थे। पिकअप में परिवार की महिलाओं समेत 40 लोग सवार थे। इसी दौरान गांव से निकलते ही मुख्य मार्ग पर वाहन चालक ने तेज रफ्तार पिकअप पर नियंत्रण खो दिया और पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर पलट गई। इससे पिकअप सवार कुछ लोग गाड़ी के नीचे दब गए। वहीं, ज्यादातर लोग दूर जाकर गिरे। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना देने के साथ ही रेस्क्यू का काम शुरू किया। बताया जाता है कि इस हादसे में दो लोगों जिनमें एक महिला व एक बुजुर्ग की मौत हो गई वहीं लगभग सभी सवार घायल हुए जिनमें से 15 लोग गंभीर रूप से घायल हुए है जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### दुष्कर्म पीड़िता से मिलने अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

**बैकुंठपुर, (आरएनएस)।** स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल रेप पीड़िता से मुलाकात करने रविवार को अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पीड़ित युवती से बातचीत कर ढांढस बंधाया तथा उसके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। बता दें कि दरअसल 20 अक्टूबर 2023 को ग्राम गनपतपुर के ठिहाईपारा जंगल में 19 युवती के साथ दुष्कर्म हुआ था। इस दौरान हुई झुमा-झटकी में युवती 11 हजार वोल्ट के करंट के तार की चपेट में आ गई थी और गंभीर रूप से झुलस गई। उसे इसी हालत में छोड़कर दोनों आरोपी युवक फरार हो गये। कुछ समय बाद जंगल में कुछ लोगों ने युवती को अचेत अवस्था में देखा और घटना की सूचना पुलिस को दी और युवती को बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के जरिए 22 लाख रुपए राशि स्वीकृत कर पीड़िता का इलाज काराया गया। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने मामले की जानकारी होते ही मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से 2 किश्त में लगभग 22 लाख रू. राशि उपचार के लिये स्वीकृत कराया। वही रविवार को पीड़िता युवती का हाल जानने खुद अस्पताल पहुंचे औंर युवती से बातचीत कर उसे ढ़ांढस बंधाया। साथ ही उसके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की।

### कोरबा) देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्र पर्व की तैयारी शुरू

कोरबा, नगर पंचायत पाली के साथ ही आसपास के देवी मंदिरों और देव स्थलों में चैत्र नवरात्र पर्व की तैयारी शुरू हो गई है। नवरात्र 9 से 16 अप्रैल तक मनाया जाएगा। धार्मिक पर्यटन स्थल चैतुरगढ़ स्थित मां महिषासुर मर्दिनी देवी मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। यहां हवन-पूजन, भजन-कीर्तन और भोग-भंडारा का भी आयोजन होता है। मंदिर ट्रस्ट का चुनाव होने के बाद इस बार तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।

# कार्यकर्ताओं के बीच की बूथ विजय संकल्प अभियान की शुरुआत



**रायपुर** भारतीय जनता पार्टी द्वारा शनिवार 30 मार्च को बूथ विजय संकल्प की शुरुवात की प्रस्तावित कार्यक्रम का शुभारंभ करने छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत कांदूल के बूथ क्रमांक 293 और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव फाफाडीह मंडल के बूथ क्रमांक 29 पहुंचे जहां उन्होंने मंडल अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष को भाजपा के कमल निशान वाले झंडे हस्तांतरित किए एवं विधिवत बूथ विजय संकल्प की शुरुवात की रायपुर के विधायकगण राजेश मूणत , मोतीलाल साहू और पुरंदर मिश्रा सहित रायपुर अंतर्गत निवासरत सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ नेतागण एवं पदाधिकारी भी अलग अलग विधानसभाओं में बूथ विजय संकल्प कार्यक्रम में अलग अलग बूथों पर उपस्थित रहे ।

### बूथों पर कार्यकर्ताओं की मेहनत हर परिस्थिति में नतीजे पक्ष में लाने की ताकत :- विष्णुदेव

बूथ विजय संकल्प अभियान का शुभारंभ करने कांदुल पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उपस्थित कार्यकर्ताओं के समूह को संबोधित करते हुए कहा की बूथ किसी भी चुनाव के नजरिए से सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है बूथों में की गई कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से ही देश प्रदेश में स्थाई सरकारों का निर्माण होता है बूथों पर कार्यकर्ताओं के द्वारा की गई मेहनत किसी भी परिस्थिति में परिणाम अपने पक्ष में लाने की ताकत होती है और आज भारतीय जनता पार्टी बूथ विजय संकल्प की शुरुवात करने जा रही है आप सभी अपने अपने बूथों में अपना श्रेष्ठ दें इन्ही आशाओं के साथ मैं आज आपके बीच हूं मुख्यमंत्री के साथ ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू भी अभियान के शुभारंभ में पहुंचे जहां मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धुरंधर और बूथ अध्यक्ष को भारतीय जनता पार्टी के कमल निशान वाला झंडा हस्तांतरित किया गया । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने फफ्डीह मंडल पहुंचकर किया बूथ विजय संकल्प अभियान का शुभारंभ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल की उपस्थिति में भाजपा फाफाडीह मंडल के अध्यक्ष गोरेलाल नायक एवं बूथ क्रमांक 29 के बूथ अध्यक्ष को भाजपा के कमल निशान वाला ध्वज हस्तांतरित कर बूथ विजय संकल्प अभियान का आगाज किया। उन्होंने कहा की भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और किसी भी राजनीतिक क्षेत्र में सबसे मजबूत और अहम स्थान बूथ होता है यदि आप सभी बूथ के अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं ने अपने बूथ को मजबूत कर भाजपा का परचम लहरा दिया वहां लीड हासिल कर ली तो हमे लोकसभा चुनाव में बड़े अंतर से जीत हासिल करने में कोई बाधा नहीं आ सकती । आयोजित बूथ विजय संकल्प महाभियान में रायपुर शहर जिला के सभी बूथों पर प्रदेश एवं रायपुर जिला के सभी जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता व बूथों के अध्यक्षों के साथ हजारो कार्यकर्ता शामिल हुएं ।

## छत्तीसगढ़ में कोरोना के 11 नए मरीज मिले

**एजेंसी।** रायपुर, छत्तीसगढ़ में शनिवार को कोरोना के 11 नए मरीज मिले हैं। दुर्ग में 10, और बालोद में 1 मरीज की पहचान हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने कुल 241 लोगों की जांच की थी। वर्तमान में प्रदेश में 14 एक्टिव केस हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट के मुताबिक प्रदेश में कोरोना संक्रमण की पॉजिटिविटी दर 4.56% है। दरअसल, प्रदेश में कोरना की रफ्तार थम गई थी लेकिन 28 मार्च के बाद कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ते दिख रहे है । दुर्ग और बालोद के अलावा रायपुर में 2 और धमतरी में 1 कोरोना संक्रमण के एक्टिव केस हैं। स्वास्थ्य विभाग ने खांसी बुखार या कोरोना से संबंधित कुछ लक्षण नजर आने पर जांच की अपील भी की है। लोग अपने नजदीकी जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच करवा सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी हेल्थ सेंटर में कोरोना संक्रमण की जांच की व्यवस्था की गई है।

# कलेक्टर ने संकुल समन्वयकों को दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ

**0 मतदान दल के ठहरने और बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं, कर्मचारी कल्याण हित में प्रशासन सजग : कलेक्टर**

**0 संकुल में मतदाता जागरूकता की गतिविधियां सुनिश्चित की जाएं**



**रायपुर,** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने आज कालीबाड़ी स्थित जेआर दानी स्कूल में संकुल समन्वयकों की बैठक ली। कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाते हुए कहा कि कर्मचारी कल्याण हित में प्रशासन सजग है। मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। मतदान दल को किसी भी तरह की परेशानी नही होनी चाहिए। मतदान केंद्र की साफ सफाई, पेयजल, बिजली, पंखा, शौचालय इत्यादि की सुविधाएं होनी चाहिए। साथ ही संकुल समन्वयक मतदाता जागरूकता की गतिविधियों पर ध्यान दें। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि कहा कि मतदाता संकुलो में मतदाता जागरूकता की गतिविधियां संचालित की जाएं।

कलेक्टर ने कहा कि मतदान दल के लिए सेजबहार इंजीनियरिंग कॉलेज स्ट्रांग रूम तक पहुंचने के लिए अधिक से अधिक बस सुविधा रहेगी। कलेक्टर ने कहा कि इस बार सेजबहार स्थित स्ट्रांग रूम में पर्याप्त पेयजल और भोजन की व्यवस्था की गई है। स्थायी शौचालय का निर्माण भी किया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर श्रीमती निधि साहू ने कहा कि रायपुर क्षेत्र में अधिकतर केंद्रों में महिलाओं की ड्यूटी होती है। ऐसे में पृथक-पृथक टायलेट की व्यवस्था की जाएं। मतदान दलों के ठहरने की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। पोलिंग बूथ का भौतिक सत्यापन कर कमी को दूर किया जाएं और सुरक्षा की दृष्टि से भी कार्य करें। साथ ही मतदाता जागरूकता के लिए पेंटिंग, रंगोली, मानव श्रृंखला, रैली का आयोजन किया जाएं। इस बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, बीआरसी, एबीओ, प्राचार्य और व्याख्यता उपस्थित थे।

### ऑनलाइन सट्टा खिलाते युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। अभनपुर पुलिस ने यादवपारा बड़े उरला में सट्टा खिलाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 नग आईफोन, मोबाइली व एलईडी टीवी जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर यादव पारा बड़े उरला में दबिश देकर ऑनलाइन सट्टा खिलाते आरोपी सुनील कुमार यादव 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से एक नग आईफोन, मोबाइल व एलईडी टीवी को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### अवैध शराब के साथ 5 गिरफ्तार

रायपुर, 31 मार्च (आरएनएस)। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने अवैध शराब बेचते वाले 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 79 पाव देशी एवं विदेशी शराब व बिक्री रकम 480 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार आमानाका पुलिस ने टाटीबंध चौक के पास अवैध शराब के साथ आरोपी अर्जून कुमार 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 17 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं उरला पुलिस ने आरोपी कुलेश्वर साहू के पास से 10 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 220 रुपए जब्त किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी गजाधर जगत 44 वर्ष के पास से 14 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी कमल नारायण साहू 48 वर्ष व बृजमोहन साहू 65 वर्ष के पास से कुल 38 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 260 रुपए जब्त किया है।

### भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन का दौरा

**रायपुर,** भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन आज से तूफानी दौरा करने वाले हैं। वे 4 अप्रैल तक लोकसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे। प्रत्याशियों के नामांकन रैलियों में शामिल होंगे। नितिन नबीन आज सुबह 10:30 बजे महासमुंद पहुंचेंगे और 12 बजे तक लोकसभा कोर कमेटी व प्रबंध समिति की बैठक लेंगे। उसके बाद जामगांव में आयोजित महिला सम्मेलन में शामिल होंगे। शाम 5 बजे कांकेर के लिए रवाना होंगे। कांकेर में लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक लेंगे।

### पैदल जा रहे युवक को कार ने रौंदा

**रायपुर,** रिंग रोड 1 स्थित होटल 38 केस्टट्रल के सामने अज्ञात कार ने पैदल जा रहे युवक को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक भूतनाथ मंडल 26 वर्ष खुशी रेसीडेंसी तेलीबांधा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह कल शाम पैदल कहीं जा रहा था, तभी रिंग रोड नंबर 1 होटल 38 केस्ट्रल के सामने अज्ञात कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए भूतनाथ मंडल को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### उपमुख्यमंत्री अरूण साव मुंगेली और बिलासपुर दौरे पर

रायपुर, उपमुख्यमंत्री अरुण साव आज मुंगेली और बिलासपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। इन दो जिलों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। डिप्टी सीएम साव सुबह 9 बजे रायपुर निवास से लोरमी के लिए रवाना होंगे। मुंगेली जिले में बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी टोखन साहू के साथ जनसंपर्क करेंगे। 3 बजे लोरमी से रतनपुर के लिए रवाना होंगे। यहां सूर्यवंशी समाज द्वारा आयोजित सूर्यवंशी पर्वतदान स्मृति महोत्सव में शामिल होंगे। शाम 5 बजे बिलासपुर में आयोजित सम्मान व होली मिलन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। रात्रि 8 बजे रायपुर निवास वापस आएंगे।

# समाज सेवा एवं दिव्यांग बच्चों के लिए दे रहे धनराशि

**कोरबा,**

शहर में 4 मंजिल वाला प्रथम बहुमंजिला इमारत का प्रोजेक्ट सांई कुंज बनाने वाले बुधिया बिल्डर्स एवं डेवलपर्स ने अपने 15 साल पूरे कर लिए। बुधिया बिल्डर्स एवं डेवलपर्स कोरबा में बिल्डर्स के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुका है। वर्ष 2007 में सांई कुंज प्रथम प्रोजेक्ट में 27 घर थे, जिसके बाद निरंतर कोरबा में सेवा देते हुए बुधिया बिल्डर्स ने 250 से ज्यादा प्लॉट और मकान व फ्लैट अपने संतुष्ट ग्राहको को दे चुका है। किसी में भी अब तक कोई विवाद नहीं है।

उक्त बात बुधिया बिल्डर्स एवं डेवलपर्स के संजय बुधिया एवं उनके पुत्र मृदुल बुधिया ने शनिवार को कोरबा प्रेस क्लब के तिलक भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया किसी भी ग्राहक की मेहनत की कमाई न फंसे इसके लिए पूरा ध्यान दिया जाता है। उनके फर्म के माध्यम से आज तक कोई अवैध प्लाटिंग या बिल्डिंग का कार्य नही किया है। फर्म के सभी प्रोजेक्ट रेरा, टाउन प्लानिंग एवं नगर निगम तथा कलेक्टर से




मान्यता प्राप्त होने के बाद ही लांच किए जाते है। उन्होंने बताया कि सांई कृष्णा पैलेस, सांई इन्कलेव, सांई वृंदावन, सांई विला नामों से बुधिया बिल्डर्स के प्रोजेक्ट है। इसके अलावा शहर में अन्य कोई भी प्रोजेक्ट न तो उनके फर्म का है और न ही उनका किसी तरह का संबंध है। अब तक के सभी प्रोजेक्ट के उनके सभी ग्राहक संतुष्ट है। जिनके सुख व दुख के कार्यक्रम में उन्हें बुलाया जाता है और वे शामिल होते हैं। बिल्डर्स के रूप में पैसे के बजाए ग्राहकों का भरोसा हमने कमाया है। फर्म का पूरा काम पारदर्शिता के साथ किया जाता है इसके लिए मोबाइल पर गूगल के जरिए बुधिया बिल्डर्स एंड डेवलपर्स सर्च कर ब्यौरा देखा जा सकता है। बुधिया बिल्डर्स के संजय बुधिया के मुताबिक शहर में दूसरे बिल्डर्स अपने बनाए गए प्रोजेक्ट में नहीं बल्कि खुद के लिए अलग से निजी बिल्डिंग बनाकर रहते हैं। लेकिन वे अपने पहले प्रोजेक्ट में ग्राहकों के बीच बिल्डिंग में सपरिवार रहते हैं। जो बताता है कि हम घर केवल व्यवसाय के लिए नहीं बल्कि ग्राहकों के सपने को संजोने और विश्वास कायम रखने के लिए बनाते हैं। संजय बुधिया ने बताया कि उनके सभी प्रोजेक्ट में ग्राहको को जो भी कमीटमेंट किया जाता है उससे ज्यादा सुविधा प्रदान की जाती है। कोई भी छूपा शर्त बताकर गुमराह नहीं किया जाता। हर प्रोजेक्ट में कई बैंकों में ग्राहकों की सुविधा के लिए अनुबंध किया जाता है। हर प्रोजेक्ट सें कुछ राशि समाज सेवा एवं दिव्यांग बच्चो के लिए भी निकाली जाती। संजय बुधिया व मृदुल बुधिया ने संयुक्त रूप से बताया कि वर्तमान में शहर के रिस्दी में रजगामार की ओर जाने वाले रोड किनारे उनका सांई वृंदावन प्रोजेक्ट चल रहा है। जिसका अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। शेष प्रोजेक्ट सौ प्रतिशत सोल्ड आउट प्रोजेक्ट है। हर प्रोजेक्ट में ग्राहकों के लिए सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाता है। वहीं एक मंदिर भी बनाया जाता है जिसमें इष्ट देवताओ की प्रतिमाएं लगायी जाती है और उनकी प्राण प्रतिष्ठा की जाती है। भविष्य मे भी अपने ग्राहकों को और भी बेहतर सुविधा देने का प्रयास हम करेगे ऐसा बुधिया बिल्डिर्स के डायरेक्टर की सोच और मान्यता है।

# जनता ने पहले कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंका, अब कोरबा के सांसद की बारी : मंत्री

**0-भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे के समर्थन में उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने दर्री मंडल में किया धुंआधार प्रचार**



कोरबा, )। लोकसभा के इस चुनाव में कांग्रेसियों को भी पता चल चुका है की बड़ी हार होने वाली है, सबको मालूम है 400सीटों के साथ तीसरी बार मोदी जी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं, और इन 400 सीटों में एक सीट कोरबा लोकसभा भी रिकॉर्डतोड़ मतों से भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय जीतने जा रही है। उक्त बातें वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने दर्री मंडल के केंदईखार में आयोजित नुक्कड़ सभा के दौरान कही।

लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे के समर्थन में उद्योग मंत्री श्री देवांगन का धुंआधार प्रचार लगातार जारी है। बालको, कोरबा के बाद दर्री मंडल में मंत्री श्री देवांगन ने तीन वार्डों में नुक्कड़ सभा ली। कांग्रेस पर तंज कसते हुए मंत्री श्री देवांगन ने कहा की कोरबा लोकसभा से कांग्रेस के लिए वोट मांगने के लिए कांग्रेस को कांग्रेसी नहीं मिल रहे हैं, इससे बड़ा दुरभाग्य और कुछ नहीं हो सकता। यहां की सांसद ज्योत्सना महंत ने जितनी दूरी जनता से बनाई उससे कहीं अधिक दूरी तो अपने कार्यकर्ताओं से बना कर रखी। प्रदेश में सत्ता में होने के बाद भी वे न तो जनता का काम करा सकी न आम कार्यकर्ताओं का। बीते 5 साल में कोरबा को अवैध उगाही, कमिशनखोरी का गढ़ बना लिया गया। कांग्रेसियों ने इतना अधिक भ्रष्टाचार किया की आज जनता के दरवाजे पर जानें लायक नहीं बचे है। कांग्रेसी विधायक, सांसद और मंत्रियों मे होड़ मची हुइ थी ज्यादा से ज्यादा कमाने के लिए, इसलिए जनता ने उखाड़ फेंक दिया, अब अगली बारी कोरबा की सांसद ज्योत्सना महंत की है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, युवा मोर्चा के महामंत्री और वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन, दर्री मंडल अध्यक्ष ईश्वर साहू, वॉर्ड पार्षद बुधवार यादव, पूर्व पार्षद आर सी पांडेय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नारायण ठाकुर, युवा मोर्चा के मंत्री वैभव शर्मा समेत अधिक संख्या में कार्यकर्ता और आम जनमानस उपस्थित रहे।

मोदी की गारंटी मतलब गारंटी की पूरे होने की गारंटी

अयोधापुरी में आयोजित नुक्कड़ सभा में मंत्री श्री देवांगन ने कहा की मोदी की गारंटी को भाजपा की विष्णुदेव सरकार तेजी से पुरा कर रही है। जनता जानती है की भाजपा अपने वादे को पूरा करती है, और यही वजह है की आज हर वर्ग भाजपा पर भरोसा कर रहा है।

गरीब भाई बहनों की हर चिंता आज पीएम मोदी ने खत्म की

## मोबाइल दुकान से नकदी सहित हजारों रुपए के सामान पार

**रायपुर,** । ग्राम खौना तिगड्डा चौक के पास मोबाइल दुकान के रोशन दान से अंदर प्रवेश कर दो युवकों ने 10 नग मोबाइल और नकदी 10 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी धनेश राय 21 वर्ष देवगांव खरोरा का रहने वाला है। प्रार्थी ग्राम खौना के तिगड्डा चौक के पास मोबाइल दुकान चलाता है। बताया जाता है कि 17 अक्टूबर को आरोपी चंद्रशेखर धृतलहरे व सुनील धृतलहरे नरे प्रार्थी के मोबाइल दुकान में रोशन दान से प्रवेश किया और 10 नग मोबाइल व नकदी 10 हजार रुपए पार कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380, 34के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## ननकी, रेणुका, जोगेश व विकास को मिली जिम्मेदारी

**कोरबा** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी तेज कर दी है। पार्टी पदाधिकारियों को अहम जिम्मेदारी भी सौंपी जा रही है, ताकि पार्टी हित में कार्य कर सकें।

## एस.बी.आई. ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोरबा में किया गया विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**कोरबा,** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के प्लान आफएक्शन के अनुसार विद्यालय एवं महाविद्यालयों में जाकर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किये जाने के निर्देश दिया गया है। इसी तारतम्य में माननीय श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता का कार्यक्रम किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा एस.बी.आई. ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोरबा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माननीय न्यायाधीश श्रीमती ज्योति अग्रवाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटी.सी.) कोरबा के द्वारा अपने उद्बोधन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे समस्त प्रशिक्षाणार्थियों से कहा गया कि आप देश के भविष्य हैं, आपको अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहना होगा। आपके आसपास कोई घटनाध्दुर्घटना होती है तो आपके आगे चलकर घायल की मदद करना चाहिये, उन्हें अस्पताल ले जाएं व कभी भी यदि आवश्यकता हो तो गवाही देने से इंकार नहीं करना चाहिए, जिससे अपराध करने वालों को सजा दी जा सकें। आप कभी न सोचे की छोड़े मुझे क्या करना है। आपकी सजगता ही न्याय दिलाने में मददगार साबित होगी। अक्सर देखा गया है कि न्यायालय में प्रकरण तो आते है लेकिन गवाही के अभाव में अपराधी छूट जाते है।

उनके द्वारा मोटर यान अधिनियम के तहत् वैद्य लाईसेन्स एवं वाहन का बीमा अवश्य कराये जाने हेतु निर्देशित करते हुए एफआई.आर, साक्षी सुरक्षा अधिनियम, निःशुल्क विधिक सेवा अधिनियम, विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्य तथा महिलाओं के अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया साथ ही साथ नेशनल लोक अदालत दिनांक 11 मई 2024 की जानकारी दी गई।

# सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देगी कांग्रेस सरकार

**कांग्रेस जो कहती है उसे पूरा भी करती है रू ज्योत्सना महंत**

कोरबा, कोरबा लोकसभा की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चुईया, भटगांव, सराईपाली, परसाखोला, मुड़धोआ, रोकबहरी, बेलाकछार, बेला, दोंदरो का दौरा किया व बैठक ली। गांवों में पहुंचने पर सांसद का ग्रामीणों एवं खासकर महिलाओं के द्वारा परंपरागत आत्मीय स्वागत किया गया। ज्योत्सना महंत ने लोकसभा चुनाव में सभी मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी जो कहती है उसे पूरा भी करती है। देश के लिए कांग्रेस के नेताओं ने अपने प्राण भी न्यौछावर किए इसके बारे में सबको पता है। इस पार्टी को देश की जनता आगे बढ़ा रही है। सांसद ने कहा कि कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ में बनते ही 2 घंटे के भीतर किसानों का पूरा कर्जा माफ किया गया। बिजली बिल हाफ करने की योजना का क्रियान्वयन व इसका लाभ तुरंत मिलना शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीब परिवार की महिलाओं को नारी न्याय गारंटी योजना में हर महिने 8333 रुपए दिया जाएगा। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू करेंगे। युवाओं के लिए 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति की गारंटी हम दे रहे हैं। किसानों के लिए विशेष कानून भी हम पारित करेंगे। इन सबके लिए हमें कांग्रेस को चुन कर सरकार बनाना है। उपस्थित लोगों ने कांग्रेस के पक्ष में समर्थन देने की बात दोहराई। जनसंपर्क के दौरान शशिकला पाण्डेय, पीसीसी के संयुक्त सचिव हसन अली, फरियाद अली, जनपद सदस्य बलराम साहू सहित अन्य कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



नितिन नबीन ने किया अमित चिमनानी की पुस्तक 'मोदी मैजिक' का विमोचन

## सरेआम शराब पीते 26 पकड़ाए

**रायपुर,** राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सरेआम शराब पीते 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने भाठागांव शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी नेहरू निषाद 29 वर्ष एवं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी अर्पित सिंह 36 वर्ष, किशन कश्यप 22 वर्ष व देवव्रत कुमार पासवान 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी ईश्वर साहू 40 वर्ष, सूरज साहू 28 वर्ष व रघुवीर सिंह 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी धनराज देवांगन 28 वर्ष, गोपी निर्मलकर 36 वर्ष, राजेंद्र सिंह 27 वर्ष व सुग्रीव वर्मा 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी सत्यम सेवानी 24 वर्ष, उरला पुलिस ने आरोपी परमानंद श्रीवास्तव 50 वर्ष एवं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी रूपेंद्र डहरिया 35 वर्ष व उत्तम कुमार धृतलहरे 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आजाद चौक पुलिस ने आरोपी शेखर पाटिल 43 वर्ष व उमेश यादव 46 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी वैभव कुम्हारे 28 वर्ष, धरसींवा पुलिस ने आरोपी ईश्वर कुमार माडवे 27 वर्ष व हुलास यादव 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आरंग पुलिस ने आरोपी टुकेश्वर कुर्रे 30 वर्ष व बलम साहू 47 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी प्रेम मसीह 37 वर्ष एवं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी प्रेमचंद जायसवाल 68 वर्ष व राम कुमार सागरवंशी 52 वर्ष एवं खरोरा पुलिस ने आरोपी संजू वर्मा 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# विधायक रोहित साहू ने फीता काट कर किया सूरज कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



**गरियाबंद**, तकनीक एवं साज सज्जा के साथ चारोधाम चौक पांडुका में पुन:शुभारंभ हुआ।इस अवसर पर राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने फीता काटकर शुभारंभ किया एवं क्षेत्र वासियों को बधाइयां दी। श्री साहू ने कहा कि आज के युग में शिक्षा के साथ कंप्यूटर की शिक्षा भी बहुत जरूरी है।जो कार्य को आसान बनाता है।कम्प्यूटर के बिना अब जीवन मे कार्यों की कल्पना नही है,चाहे व्यवसाय हो या नौकरी एवं स्वरोजगार सभी के लिए कंप्यूटर का ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है।इस मौके पर प्रशिक्षण केंद्र के डायरेक्टर सूरज सिन्हा ने बताया की सेंटर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण देना है जिससे वे डिजिटल भारत से जुड़कर रोजगार हासिल कर सके।प्रशिक्षक हिरेन्द्र साहू ने कहा की लगातार 3 वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित प्रशिक्षण केंद्र से कई छात्र छात्राओं ने डिजिटल भारत से जुड़ते हुए रोजगार और स्वरोजगार प्राप्त किया है। इस मौके पर लेखराम,वेदप्रकाश,अंजनी,ग्रेसी, आयुषी, गरिमा, केशव, गगन, सुरेश, योगेंद्र, चूड़ामणि, मुन्नी, दुर्गा, पायल,उमेश्वरी,तुलसी,सरगम,मान्यता, दीपक, प्रकाश, क्षितिज,अनुराग,दीप,प्रांजल,गोविंद, सुयश, विवान आदि मौजूद रहे।

# प्रशिक्षित मनरेगा मेट संघ के प्रदेश प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से सौजन्य भेंट कर सौंपा ज्ञापन

**गरियाबंद,**



प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षित मनरेगा मेट महासंघ छत्तीसगढ़ संघ के द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौपा गया।संघ के प्रदेश अध्यक्ष डी.के यादव,संरक्षक मनोहर लाल साहू, सचिव ऋषि ध्रुव,एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी हितेश साहू, राजू साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में रोजगार राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्य संचालित है,जिसे सुचारू रूप से चलाने के लिए मनरेगा कार्य के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में मेटो की नियुक्ति किया गया है।जिसमें 40 मजदूर के पीछे प्रशिक्षित मेट के द्वारा कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा जो सर्वे कार्य शासन प्रशासन की योजनाओं को मजबूती से जमीनी स्तर पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है जो 2007-8 से कार्यरत है जिसकी जनसंख्या छत्तीसगढ़ में मेट महिला महिला पुरुष की संख्या लगभग दो लाख साठ हजार पांच सौ उनचालीस है जो भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के महत्व कांक्षी योजनाओं एवं मनरेगा योजना के तहत जवाबदारी से संचालित करने में सहायता पर प्रदान करते हैं।

इसके उपरांत शासन प्रशासन द्वारा काम में साथियों को हमेशा उपेक्षित किया जाता है और इस कार्य को संचालित करने के लिए मोबाइल मॉनिटरिंग इंटरनेट सेवा की खर्च के लिए भी कई समस्या का सामना पर करना पड़ता है हम शासन से सम्मान पूर्वक मांग की अपेक्षा करते हुए सभी पंजीकृत एवं प्रशिक्षित मेट्रो को ब्लॉक कर्मचारी घोषित कर मानदेय सुनिश्चित किया जाए अभी वर्तमान में मेटो को काम करने में बहुत सी समस्या आ रही है जिसमें छत्तीसगढ़ में प्रशिक्षित मेट को कर्मचारी का दर्जा देकर मानदेय सुनिश्चित किया जाये।छत्तीसगढ़ में 2007 -2008 से कार्यरत मेटो को बिना कारण से ना निकाला जाये,मेटो की राशि मजदूरी भुगतान के साथ किया जाये,छत्तीसगढ़ के अंतर्गत पंचायत में रोजगार सहायक का पद रिक्त है।वहां विज्ञप्ति जारी कर मेटो को शैक्षणिक एवं अनुभव के आधार नियुक्ति में लाभ दिया जाए,मांग एवं समस्या को सुनकर मुख्यमंत्री जी ने कहा मेट की समस्या निदान एवं मांग को आचार सहिता पूरा होने के बाद इस मांग प्रकिया को मंत्री मंडल में रखकर कारवाही संघ की समस्या एवं मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। वही जिला मनरेगा मेट संघ जिला धमतरी,बालोद के प्रतिनिधि मंडल द्वारा किरण सिँह देव से मुलाक़ात कर सारी समस्या पीड़ा को ध्यान आकर्षित किया गया।इस अवसर पर डी के यादव प्रांताध्यक्ष मेट संघ छत्तीसगढ़,मनोहर साहू संरक्षक, डोमेश्वर साहू,सह सचिव झाड़ू राम साहू प्रदेश सलाहकार,भुवन गायकवाड़,गजेंद्र साहू,हुलास साहू, कीर्तन देवांगन,खिलावान साहू,विष्णु कोठारी,सावत साहू,खुलाश साहू,धनेश्वरी साहू,नीता साहू,पूर्णिमा प्रजापति,हेमलाल साहू,प्रीतम साहू,रमेश निषाद,हेमलाल मंडावी,खुम्मन साहू,विनोद मंडावी उत्तम यादव,उमेन्द्र प्रधान, ज्ञानचंद्र साहू प्रदेश के प्रतिनिधि मंडल 45 सदस्य मेट पदाधिकारी उपस्थित रहे 7

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)